


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 1 दिसंबर 2024


फैक्ट फाइल

### मैराथन में इनका विशेष सहयोग

*टाइटल स्पांसर फ्रीडम सनफ्लावर ऑयल, एसोसिएट स्पांसर भारतवासी अगरबत्ती, कंक्रीट टीएमटी, आईबी ग्रुप, एबिस, रूंगटा समूह आर-1, रामा टीएमटी, वचन, इफको, संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन, आउटडोर पार्टनर ए.एस.ए एडवरटाइजर, विशेष सहयोग छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं रायपुर पुलिस, खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ का है।*

### सुबह छह बजे से शुरुआत

*धावकों से सुबह छह बजे तक पहुंचने का आग्रह किया गया है। सुबह 6: 15 बजे असेंबली होगी, जिसके बाद 10 किलोमीटर दौड़ के लिए पहला वार्म अप होगा। इसके बाद 7 बजे अतिथियों की उपस्थित में हरी झंडी दिखाई जाएगी। इसके अलावा 7: 15 मिनट पर 5 किलोमीटर दौड़ का प्रतिभागी वार्मअप करेंगे फिर 7:30 दौड़ शुरू होगी।दौड़ खत्म होने के बाद साढ़े आठ बजे अवार्ड सेरेमनी आयोजित की जाएगी। दोनों वर्ग में पहले स्थान पर आने वाले पुरुष और महिला प्रतियोगी को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। जहां दस किलो मीटर के विजेताओं को 50-50 हजार रुपए नकद मिलेंगे, वहीं पांच किलोमीटर के वर्ग के विजेताओं को 25-25 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा।*

# हम भी हैं जोश में...हरिभूमि-आईएनएच के साथ दौड़ेगा देश-प्रदेश, फ्रीडम रन रायपुर का जबर्दस्त क्रेज

हरिभूमि ख़ास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिसका था... सबको इंतजार... वो इंतजार की घड़ी आ गई। छत्तीसगढ़ के सबसे प्रतिष्ठित समाचार पत्र दैनिक हरिभूमि और सहयोगी चैनल आईएनएच 24x7 के साथ छत्तीसगढ़ और देश के सैकड़ों खिलाड़ी दौड़ेंगे। मैराथन में हिस्सा लेने बच्चों व युवाओं समेत धावक भी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। देश के फिटनेस आइकन डॉ. ग्लैडसन जॉनसन लोगों को दौड़ के फायदे बताएंगे। वे बताएंगे कि एक दौड़ जीवन को किस तरह बदल सकती है। दौड़कर गंभीर रोगों को खत्म किया जा सकता है। ▶▶|शेष पेज 4 पर



### प्रदेशभर से पहुंचे धावक खिलाड़ी

मैराथन में हिस्सा लेने प्रदेशभर से धावक शनिवार को रायपुर पहुंचे। विभिन्न जिलों से सभी वर्गों के लोगों ने पंजीयन कराया है। बच्चे, युवा समेत पुरुष व महिलाएं भी इस मैराथन में हिस्सा लेंगे। कॉलेज और स्कूली बच्चे भी जुड़ेंगे। कई सामाजिक संस्था व ▶▶|शेष पेज 4 पर



### भाजपा-कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष, विधायक महापौर-सभापति बनेंगे अतिथि

मैराथन में अतिथि भी दौड़ लगाते नजर आएंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खेल मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। विशेष अतिथि के रूप में उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक अनुज शर्मा, महापौर ऐजाज ढेबर, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे शामिल होंगे। इसके अलावा समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव होंगे। अध्यक्षता ▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### स्तन कैंसर का पता लगाने मुफ्त हेल्पलाइन



**नई दिल्ली।** कैंसर रोग विशेषज्ञों की टीम ने कैंसर मुक्त भारत अभियान के तहत भारत का पहला हर समय काम करने वाला निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है। महिलाएं अब किसी भी समय हेल्पलाइन नंबर 9599687085 पर वीडियो या फोन कॉल के माध्यम से बिना किसी शुल्क संपर्क कर सकती हैं।

### ओडिशा में मिली माहशीर मछली की दो प्रजातियां



**भुवनेश्वर।** ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने राज्य के दक्षिणी क्षेत्र में इंद्रावती नदी प्रणाली से माहशीर मछली की दो प्रजातियों की खोज की है। मछली की ये प्रजातियां 'साइप्रिनिडे फैमिली' से संबंधित हैं। इन्हें दुनिया की 20 बड़ी मछलियों में भी शामिल किया गया है।

### कार-ऑटो के बीच टक्कर में पांच की मृत्यु



**श्रावस्ती।** तेज रफ्तार कार ने सवारियों से भरे ऑटो रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ऑटो चालक सहित पांच लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान लल्लन पाण्डेय (42), अयोध्या प्रसाद (60), रफीक (50), मुरलीधर (42) और ननके यादव (30) के रूप में हुई है। पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

### अभिनेता शरद पर महिला से बदसलूकी का आरोप



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शरद कपूर के खिलाफ यहां पश्चिमी उपनगर स्थित अपने घर में एक महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और उसे अनुचित तरीके से छूने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कथित घटना इस सप्ताह की शुरूआत में अभिनेता के खार स्थित आवास पर हुई। 32 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है।

# समुद्र तट से टकराया 'फेंगल'

## भारी बारिश, चेन्नई एयरपोर्ट बंद, पुडुचेरी में कई उड़ानें रद्द



चक्रवाती तूफान के असर से जनजीवन प्रभावित, तेज हवाओं ने ढाया कहर

- छत्तीसगढ़ में भी दिखा असर, कुछ इलाकों में हुई बूंदाबादी, छाए रहे बादल
- 7:30 बजे शाम, महाबलीपुरम समुद्र तट पर लैंडफॉल
- 3 घंटे का वक्त लगा तूफान को गुजरने में
- 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवा
- 7 टीमें तमिलनाडु में तैनात की गई

*बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'फेंगल' शनिवार को समुद्र तट से टकरा गया। शनिवार की शाम 7:30 बजे पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट पर लैंडफॉल शुरू हुआ। फेंगल के असर से मौसम बदला। लैंडफॉल के दौरान करीब 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। ऐसे में चेन्नई एयरपोर्ट बंद कर दिया गया, वहीं पुडुचेरी से कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान का असर कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी दिखा।*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चक्रवाती तूफान 'फेंगल' के शनिवार को दिन में पुडुचेरी के निकट पहुंचा। यह समुद्र तट की ओर बढ़ने के बीच उत्तरी तमिलनाडु के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। तटीय क्षेत्रों में पहले रुक-रुककर और फिर भारी बारिश हुई जिससे उपनगरीय क्रोमपेट में सरकारी अस्पताल परिसर के कुछ हिस्से समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया और कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य आपातकालीन केंद्र में शीर्ष अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बाद में संवाददाताओं से कहा कि सभी एहतियाती कदम पहले ही उठाए जा चुके हैं और उन क्षेत्रों के लोगों के लिए शिविर स्थापित किए गए ▶▶|शेष पेज 4 पर

## लाखों क्विंटल धान खुले में मौसम की मार का खतरा

तीन से पांच दिन तक असर रहने के आसार, बस्तर में बारिश के ज्यादा चांस



*हरिभूमि न्यूज/राजनांदगांव/ दुर्ग/ धमतरी/ राजिम।* *मौसम में अचनाक आए बदलाव ने केंद्रों में रखे गए धान की सुरक्षा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि कई जिलों में लाखों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे अभी भी रखे हुए हैं। बताया जा रहा है कि धान का परिवहन समय पर नहीं होने के चलते कई समितियों में धान रखने के लिए जगह नहीं है।*

*राजनांदगांव में बीते दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव और बादल छाए होने के साथ ही नम हवाएं चल रही है। राजनांदगांव जिले की 96 धान खरीदी केन्द्रों में 15 लाख क्विंटल से अधिक धान खुले आसमान के नीचे रखे हुए हैं। मौसम खराब होने के बावजूद समितियों में धान को ढंका नहीं गया है।* ▶▶|शेष पेज 4 पर




### कैप कवर, फिर भी खुले में धान

यहां बारिश से बचने के लिए सभी समितियों में कैप कवर की व्यवस्था कराई गई है, लेकिन मौसम में बदलाव के बावजूद समितियों में धान नहीं ढंकना लापरवाही है। ऐसे में अचानक बारिश होने पर कैप कवर लगाने से पहले ही धान भीग जाएगा।

### परिवहन धीमा

*राजनांदगांव जिले में अब तक 1567482 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं महज 5502 क्विंटल धान का ही परिवहन हुआ है। ऐसे में बड़े पैमाने पर लाखों क्विंटल धान समितियों में रखा हुआ है, जो बे-मौसम बारिश से भीगकर अंकुरित हो सकते हैं। इस वर्ष राजनांदगांव जिले के 96 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 29 नवंबर तक 1567482.80 क्विंटल धान की* ▶▶|शेष पेज 4 पर

## भाजपा में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव साथ कराने पर सहमति

महापौर और अध्यक्ष के प्रत्यक्ष चुनाव पर भी फैसला जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को तीन संभागों बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर की बैठक हुई। इसमें तीन संभागों से पहुंचे पदाधिकारियों के साथ चर्चा में इस बात को लेकर सहमति बनी कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी कहा, हम इस प्रयास में हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करें। छत्तीसगढ़ में ▶▶|शेष पेज 4 पर




### समय पर चुनाव हो, पूरा प्रयास कर रहे

कोर ग्रुप की बैठक के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आने वाले समय में निकाय और पंचायत चुनाव है। दोनों चुनाव एक साथ कराने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी ने वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए कहा है। प्रयास कर रहे हैं कि निकाय और पंचायत चुनाव साथ हो जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय का कार्यकाल 8 जनवरी तक है। पंचायती राज का समय 10 फरवरी तक का है। समय पर चुनाव संपन्न कराने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

### महापौर, अध्यक्ष के चुनाव पर सरकार जल्द करेगी फैसला

बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष होगा या नहीं, इस फैसले के लिए अभी और इंतजार करना होगा। बहुत जल्द हमारी सरकार इस पर फैसला लेगी। उन्होंने कहा गांव व शहरों का विकास कांग्रेस सरकार में अवरूद्ध हो गया था। प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा किया है। हमने 11 महीने में जो काम किए हैं, उसको लेकर जनता तक जाएंगे। गांवों और शहरों में हुए विकास के काम को जनता तक लेकर जाएंगे। नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय चुनाव में एक बार फिर से कमल खिलेगा।






### आदिवासी बालक आश्रम शाला में प्रार्थना के दौरान गिरे बच्चे

# आश्रम में 23 बच्चे बेहोश, झाड़-फूंक के बाद पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भोपालपटनम

बीजापुर के भोपालपटनम स्थित आदिवासी बालक आश्रम शाला में 23 बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। शुक्रवार देर शाम घटी इस घटना से पूरे आश्रम में हड़कंप मच गया। घटना उस समय घटी, जब बच्चे शाम के समय प्रार्थना कर रहे थे। पहले अचानक 5-6 बच्चे चक्कर खाकर गिर पड़े। उसके बाद देखते ही देखते बाकी बच्चे भी चक्कर आने से गिरने लगे। मिली जानकारी के मुताबिक शाम को प्रार्थना के लिए बच्चे इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान कुछ बच्चे चक्कर खाकर गिरने लगे, बच्चों ने सुबह दाल खाया था। वहीं आश्रम अधीक्षक ने पहले तो घटना को सामान्य माना, लेकिन रात होते तक कई बच्चों ने सिरदर्द की शिकायत की तो स्थिति बिगड़ने लगी।



### डर गए थे बच्चे

बताया गया कि आश्रम में रहने वाले सारे बच्चे ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग गांव के हैं। कहा जा रहा है कि बच्चे किसी चीज से डर गए हैं। बच्चों के अंदर डर बैठ गया है। उनका कहना है कि अदृश्य शक्तियों के कारण एक साथ कई बच्चों की सेहत बिगड़ी है। इसी वजह से अधीक्षक ने बच्चों के इलाज के साथ-साथ झाड़-फूंक भी करवाया। वहीं डॉक्टरों की टीम ने बच्चों का त्वरित इलाज किया, जिससे उनकी हालत पहले से बेहतर है।

### हिस्टीरिया से आया चक्कर

*इलाज कर रहे चिकित्सक के मुताबिक बच्चों के चक्कर आने का कारण हिस्टीरिया और डर हो सकता है। अस्पताल में इलाज के बाद बच्चों की स्थिति अब स्थिर है, और सभी बच्चे स्वस्थ हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके लिए बच्चों के ब्लड सैंपल भी लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद इस बात की पुष्टि होगी कि इतनी ज्यादा संख्या में बच्चों को चक्कर क्यों आया।*

### नहीं मिली एंबुलेंस

*तहसील मुख्यालय भोपालपटनम में बच्चों को आश्रम से अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिली। इसके चलते पिकअप में लादकर अस्पताल पहुंचाया गया। आश्रम अधीक्षक अनिल नाग ने बताया कि बच्चों की स्थिति स्थिर है।*

# होटल से कम दामों में मिलेंगी टेंट सिटी में लग्जरी सुविधाएं, महाकुंभ को लेकर महातैयारी!

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

*प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ 2025 को लेकर सरकार ने लगभग तैयारी पूरी कर ली है। इसी मद्देनजर भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम यानी आईआरसीटीसी ने टेंट सिटी की बुकिंग शुरू कर दी है। आईआरसीटीसी के आधिकारिक बयान के अनुसार, महाकुंभ ग्राम टेंट सिटी में बुकिंग शुरू हो गई है। यह टेंट सिटी महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए एक आरामदायक आश्रय स्थल प्रदान करेगी। महाकुंभ ग्राम में टेंट सिटी की बुकिंग के प्रति लोगों में काफी उत्साह है और यह उम्मीद की जा रही है कि यह सुविधा श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी खास बना देगी।*

**टेंट सिटी में दो कैटेगरी के टेंट उपलब्ध**


**6000 रुपये प्रति व्यक्ति, प्रति रात (प्लस टैक्स)**

**टेंट सिटी बाथिंग घाट और अन्य टूरिस्ट आकर्षणों के नजदीक**

### चौबीसों घंटे मिलेगी सुरक्षा

आईआरसीटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार जैन ने कहा कि इस टेंट सिटी को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। इसमें रहने के लिए आरामदायक जगह, हाई क्वालिटी खानपान और चौबीसों घंटे सुरक्षा जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा आईआरसीटीसी ने अपने ब्रांड की प्रतिष्ठा को बनाए रखते हुए आस्था ट्रेनों और भारत गौरव ट्रेनों के संचालन के दौरान मिली लग्जरी सुविधाओं को भी शामिल किया है।



### खाने के लिए अलग डाइनिंग एरिया

टेंट सिटी में खाने के लिए एक अलग डाइनिंग एरिया भी होगा। यहां बैठकर खाने की सुविधा और बेहतरीन केटरिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी। आईआरसीटीसी ने यह टेंट प्रयागराज में बाथिंग घाट और अन्य प्रमुख स्थलों के निकट स्थापित किया है। इसके अलावा अरैल साइड पर टेंट्स और सिटी साइड पर एक्जीक्यूटिव लाउंज की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

### 1600 टेंटों की हो चुकी है बुकिंग

टेंट सिटी को लेकर पर्यटकों और श्रद्धालुओं का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के मुताबिक अरैल में 2,000 टेंट की क्षमता वाली टेंट सिटी में अभी 1,600 टेंट की बुकिंग हो चुकी है।

### दो कैटेगिरी में टेंट, इतना किराया, ये सुविधाएं

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईआरसीटीसी ने बताया है कि टेंट सिटी में दो कैटेगरी के टेंट उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत प्रति व्यक्ति प्रति रात 6000 रुपये (प्लस टैक्स) है। इसमें ब्रेकफास्ट भी शामिल है। यह टेंट सिटी बाथिंग घाट और अन्य टूरिस्ट आकर्षणों के नजदीक स्थित है। टेंट में चिकित्सा सहायता, चौबीसों घंटे सुरक्षा, हाई क्वालिटी खाना प्रदान की जाएंगी।

### कैसे करें आईआरसीटीसी टेंट सिटी की बुकिंग

बुकिंग के लिए श्रद्धालु आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट **www.irctctourism.com** पर जाकर या कस्टमर सपोर्ट 1800110139 पर कॉल करके, व्हाट्सएप (सिर्फ मैसेज) +91-8076025236 पर महाकुंभ आईआरसीटीसी भेजकर या ईमेल **mahakumbh@irctc.com** पर संपर्क कर सकते हैं।

## कोर्ट का फैसला, तोड़ी जाएंगी संजौली मस्जिद की 3 मंजिलें



**शिमला।** जिला अदालत ने ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेशन की अपील को खारिज कर दिया है। ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेशन ने जिला अदालत में नगर निगम आयुक्त की अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। जिला अदालत ने नगर निगम आयुक्त की अदालत के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें मस्जिद के तीन फ्लोर को हटाने के आदेश जारी किए गए थे। यह मामला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश- I, शिमला की अदालत में जज प्रवीण गर्ग सुन रहे थे। जिला अदालत ने नगर निगम कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। इस फैसले के तहत अवैध मस्जिद की तीन मंजिलें तोड़ी जाएगीं।

### 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया कोयला रॉयल्टी से जुड़ा है मामला

# सीएम बनते ही केंद्र से आर-पार के मूड में सोरेन, कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी

एजेंसी ⏭ रांची

विधानसभा चुनाव में छाया रहा केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया कोयला रायल्टी का मुद्दे पर अब हेमंत सोरेन आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। उन्होंने कैबिनेट की पहली बैठक में इस एजेंडे को रखा है जिसमें अब झारखंड सरकार केंद्र से पैसे लेने के लिए कानूनी रास्ते तलाश करेगा।

इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का भी हवाला दिया गया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों के पीठ ने बहुमत से अपने आदेश में कहा था कि राज्यों को खनन एवं खनिज उपयोग गतिविधियों पर शुल्क लगाने का अधिकार है। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किस्तों में भी राशि जारी करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया था। राज्य की सत्ता संभालते ही हेमंत सोरेन ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ही इस एजेंडे को रखा है।

### सुप्रीम कोर्ट का है ये आदेश

खनिजों पर कर लगाने का अधिकार राज्यों के पास है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि खनिज संपन्न राज्यों को खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर केंद्र सरकार से 12 साल में किस्तों में रॉयल्टी और कर वसूला जा सकता है। इस फैसले ने 1989 के उस निर्णय को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि केवल केंद्र के पास खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर रॉयल्टी लगाने का अधिकार है।



*पहली कैबिनेट बैठक का मंथन : अपनी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए सोरेन ने मीडिया से कहा कि केंद्र पर राज्य का 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया है, जिसे वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी सोरेन ने यह भी कहा कि कोल इंडिया जैसी केंद्रीय कंपनियों से यह बकाया राज्य का अधिकार है और इसके न मिलने से झारखंड का विकास रुक रहा है।*

इसमें निर्णय लिया गया कि सरकार इस भुगतान के कानूनी उपाय तलाशेगी। इसके लिए जानकार अधिवक्ताओं का पूरा पैनल गठित होगा। हेमंत सोरेन ने इस मुद्दे को उठाकर चुनाव में मतदाताओं को संदेश दिया था कि अगर यह राशि मिल जाती तो राज्य में कल्याणकारी योजनाओं को वह बेहतर तरीके से आगे बढ़ाते। सरकार गठन के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में केंद्रीय उपक्रमों पर बकाया 1.36 लाख करोड़ की वसूली के लिए विधिक कार्रवाई आरंभ किए जाने का निर्णय इसकी एक कड़ी है।

### कानूनी लड़ाई की तैयारी में झारखंड सरकार

राजनीतिक मोर्चे पर बड़ी जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब इस मुद्दे को आगे बढ़ाकर भाजपा और केंद्र सरकार को कानूनी मोर्चे पर भी घेरने की तैयारी में हैं। केंद्र पर कोयला रॉयल्टी बकाया मद के झारखंड के 1.36 हजार करोड़ रुपये बकाया के भुगतान के लिए वह कानूनी लड़ाई आरंभ करेंगे।

### किस्तों में भी बकाया राशि देने की मांग उठाई

सीएम सोरेन ने केंद्र के बकाया कोयला रॉयल्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का भी हवाला दिया। बीते 25 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने खदानों और खनिज भूमि पर रॉयल्टी और कर वसूली से जुड़े मामले में फैसला सुनाया था। इसमें कोर्ट ने कहा था कि खदानों और खनिज भूमि पर दी जाने वाली रॉयल्टी कोई कर नहीं है।

## चुनाव आयोग को कहा मोदी का कुत्ता, कांग्रेस नेता जगताप के खिलाफ शिकायत दर्ज

एजेंसी ⏭ मुंबई



महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता भाई जगताप चुनाव आयोग के खिलाफ की गई अपमानजन टिप्पणी को लेकर मुश्किलों में फंसते आ रहे हैं। जगताप ने शुक्रवार को चुनाव आयोग की तुलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगले के बाहर बैठे रहने वाले कुत्ते से की थी। इसको लेकर शनिवार को भाजपा नेता किरीट सोमैया ने मुंबई पुलिस आयुक्त के समक्ष इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है और चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा है।

*जगताप ने क्या की थी टिप्पणी? : पिछले दिनों मीडिया से बातचीत में जगताप ने कहा था, अगर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं तो चुनाव आयोग को जवाब देना होगा। चुनाव आयोग और अन्य एजेंसियां कुत्ता बनकर प्रधानमंत्री मोदी के बंगले के बाहर बैठी रहती हैं। सोमैया द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर उन्होंने कहा, "ये वही किरीट सोमैया हैं न जो ईवीएम के साथ घूमते थे और इसके खिलाफ बोलते थे। मुझे अपने बयान का कोई अफसोस नहीं है और मैं उस पर कायम हूं।*

### ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- सोमैया



सोमैया ने जगताप के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि एक संवैधानिक संस्था का ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) मार्च 2025 में होने वाले स्थानीय निकाय मुंबई नगर निगम चुनाव से पहले डर के कारण चुनाव आयोग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को निशाना बना रही हैं। कांग्रेस नेता जगताप का इस तरह का बयान पूरी तरह से अशोभनीय है।

## कोलकाता के अस्पताल का फरमान बांग्लादेशियों का इलाज नहीं करेंगे

एजेंसी ⏭ कोलकाता

कोलकाता के एक अस्पताल ने बांग्लादेशियों के इलाज पर रोक लगा दी है। कोलकाता के एक अस्पताल ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह बांग्लादेश के मरीजों का इलाज नहीं करेगा, क्योंकि पड़ोसी देश में भारतीय ध्वज का अपमान किया गया है और हिंदुओं पर अत्याचार दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। अस्पताल के अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने कहा तिरंगे का अपमान होते देख हमने बांग्लादेशियों का इलाज बंद करने का फैसला किया है। भारत ने उनकी स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन इसके बावजूद हम भारत विरोधी भावनाओं को देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अन्य अस्पताल भी हमारा समर्थन करेंगे और इसी तरह के कदम उठाएंगे।

### कोलकाता के अस्पताल में बांग्लादेशी बैन

कोलकाता के मनिकतला इलाके में स्थित जेएन रे अस्पताल ने शुक्रवार को बांग्लादेश में बिगड़ते हालात, हिंदुओं मंदिरों की तोड़-फोड़, और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बीच यह घोषणा की है। बांग्लादेश में इस साल अगस्त में शेख हसीना को सरकार से हटाए जाने के बाद से हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को कट्टरपंथी इस्लामवादियों के हाथों बढ़ते अत्याचारों का सामना करना पड़ रहा है।




**त्रिपुरा में भी बांग्लादेशी मरीजों का इलाज नहीं :** अगरतला। प्रदर्शनकारियों के एक समूह के दबाव के बाद अगरतला स्थित एक मल्टी-स्पेशियलिटी निजी अस्पताल ने शनिवार को बांग्लादेशी नागरिकों का इलाज नहीं करने का फैसला किया। आईएलएस अस्पताल अपनी निकटता और किफायती उपचार लागत के कारण पड़ोसी देश के मरीजों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य रहा है।

*अब बांग्लादेशी मरीजों का नहीं होगा इलाज*

*अस्पताल के अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने कहा, 'हमने एक अधिसूचना जारी की है कि आज से अनिश्चित काल तक हम किसी भी बांग्लादेशी मरीज को उपचार के लिए भर्ती नहीं करेंगे। यह मुख्य रूप से भारत के प्रति उनके अपमान के कारण है। उन्होंने शहर के अन्य अस्पतालों से भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार के विरोध में ऐसा ही करने का आग्रह किया।*

## अरविंद केजरीवाल की पदयात्रा के दौरान फेंका गया तरल पदार्थ



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। ग्रेटर कैलाश इलाके में पदयात्रा के दौरान एक शख्स ने केजरीवाल पर तरल पदार्थ फेंकने की कोशिश की। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने शख्स को पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी शख्स की जमकर पिटाई भी कर दी। आम आदमी पार्टी ने घटना के पीछे भाजपा का हाथ होने के आरोप लगाए हैं।

### आप ने भाजपा पर लगाया आरोप


आप ने लिखा, 'बेशर्म भाजपा ने फिर करवाया केजरीवालजी पर हमला। दिल्ली की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने पर पदयात्रा के दौरान भाजपा ने केजरीवाल जी पर हमला करवाया। अमित शाह की नाकामी फिर जगजाहिर हुई है, दिल्ली में कानून का राज नहीं भाजपाई गुंडो का राज है। राजधानी में एक पूर्व मुख्यमंत्री सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी का क्या होगा? भाजपा के राज में दिल्ली की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।'

### गृह मंत्री कुछ नहीं कर रहे : सौरभ भारद्वाज

घटना को लेकर दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, भाजपा नेता सभी राज्यों में रैलियां निकालते हैं, उन पर कभी हमला नहीं होता। अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमले हो रहे हैं। नांगलोई और छतरपुर में उन पर हमला हुआ।

## नदी में पलटी नाव, 27 की मौत, 100 से अधिक लापता

**नाइजीरिया।** उत्तर में नाइजर नदी पर शुक्रवार को एक बड़ा नाव हादसा हो गया। इस हादसे में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग लापता हैं। इनमें से ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब नाव कोगी राज्य से नाइजर राज्य के एक फूड मार्केट जा रही थी और पलट गई। नाव में करीब 200 लोग सवार थे। नाइजीरिया के दूरदराज के इलाकों में सड़क सुविधाओं की कमी के कारण लोग अक्सर जलमार्ग का उपयोग करते हैं, जिससे नावों पर भीड़भाड़ हो जाती है। नाव में सवार अधिकांश यात्री महिलाएं थीं, जो बाजार में खाद्य सामग्री बेचने जा रही थीं। नाव के पलटने के बाद कई लोगों को बहते हुए देखा गया, लेकिन अब भी बड़ी संख्या में लोगों का कोई पता नहीं चल पाया है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में गहरा शोक और आक्रोश पैदा कर दिया है।






रायपुर
रविवार, 1 दिसंबर 2024
अगहन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष: 23, अंक: 135
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 26.2
न्यून. 17.7


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

03 अकेले रहने से आया सकारात्मक बदलाव



विचार पेज
02 अब 'नो ईवीएम' यात्रा के भरोसे कांग्रेस

# कैबिनेट कल, ओबीसी आरक्षण की मंजूरी से तय होगा निकाय चुनाव, 15 के बाद लग सकती है आचार संहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक 2 दिसंबर को बुलाई गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ में निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर ओबीसी आरक्षण मामले में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट पर कैबिनेट विचार करेगी। आयोग द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी आरक्षण को मंजूरी मिलने की संभावना है। ओबीसी आरक्षण को मंजूरी मिलने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग 15 दिसंबर के बाद कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है।

### आरक्षण पर अटका मामला

ओबीसी आरक्षण के संबंध में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर किया गया, जो प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर सर्वे के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार इस मामले पर विचार करने के बाद आरक्षण की सीमा निर्धारित करेगी। कैबिनेट के निर्णय के बाद यह मामला राजभवन भेजा जाएगा, जहां से अध्यादेश जारी होने के बाद चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण अब तक नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव का मामला अटका हुआ था।

### सीमा तय होने के बाद नगरीय प्रशासन विभाग करेगा आरक्षण





### राज्य निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी

निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निवार्चन आयोग मतदाता सूची बना रहा है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर को होगा। मतदाता सूची प्रकाशन के साथ ही चुनाव को लेकर निर्वाचन की तैयारी पूरी होगी। उसके आधार पर निकाय क्षेत्रों में ईवीएम और पंचायत क्षेत्रों में बैलेट से चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है। जिलों में बैलेट पेपर के संबंध में निविदा भी जारी हो चुकी है।

### नगरीय प्रशासन विभाग जारी करेगा सूची

ओबीसी आरक्षण की सीमा तय होने के बाद नगरीय प्रशासन विभाग सभी निकायों के वार्डों में पार्षद और महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका में अध्यक्ष पद के आरक्षण की स्थिति लाटरी के माध्यम से तय करेगा। उसके आधार पर निर्वाचन आयोग चुनाव कराएगा।

उल्लेखनीय है कि अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ा वर्ग आरक्षण के लिए जो राज्य सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसमें त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में आरक्षण की सीमा बढ़ा दी गई थी। अन्य पिछड़ा वर्ग के पहले आरक्षण की सीमा 25 प्रतिशत थी। इसे बढ़ाकर अधिकतम 50 प्रतिशत कर दिया गया था। कैबिनेट अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के बाद निर्णय लेगी। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ऐसे निकायों में जहां पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहां ओबीसी आरक्षण शून्य होगा। हालांकि जहां एससी एसटी का आरक्षण 50 प्रतिशत से कम है, वहां ▶▶शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप



### दो गोठान में 10 मवेशियों की मौत, नहीं कराया पीएम

**भिलाई।** शहर के दो प्रमुख गोठान में तीन दिन के अंदर 10 से ज्यादा मवेशियों की मौत का मामला प्रकाश में आया है। खास बात यह है कि इन गोठान में मवेशियों की मौत के बाद उनका पीएम नहीं कराया गया। सीधे मृत मवेशियों को जेसीबी की ▶▶शेष पेज 4 पर

### एनआईए जांच के दायरे में कुकी उग्रवादी

**गुवाहाटी।** मेइती कट्टरपंथी संगठन अरम्बाई टेंगोल के प्रमुख कोरोउ नगांबा खुमान और कुकी उग्रवादी एनआईए की जांच के दायर में हैं। इसे संघर्षग्रस्त मणिपुर में सुरक्षा बलों पर हमलों और आईईडी विस्फोट के चार मामलों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### संभल में 10 तक बाहरी व्यक्तियों की एंट्री बैन

**संभल।** जिले में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद यहां शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने 10 दिसंबर तक बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन ने धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा की अवधि भी एक दिसंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है। उधर, सपा ने उसके नेताओं को रोकने की निंदा की है।



### बस पलटने से चार की मौत, 21 घायल

**खरगोन।** खरगोन जिले में निजी बस के सड़क पर पलट जाने से तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 21 अन्य घायल हो गए। जिला मुख्यालय से करीब 42 किलोमीटर दूर सेगांव के पास जिरतपुरा क्रॉसिंग पर चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया।



### सामंथा के पिता जोसेफ का निधन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने कहा कि उनके पिता जोसेफ प्रभु का निधन हो गया है। सामंथा (37) ने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपने पिता की मौत की खबर साझा की। अभिनेत्री ने कैप्शन लिखा, जब तक हम फिर से नहीं मिलते डैड। सामंथा ने अपने पिता की मौत का कारण और तारीख नहीं बताई।



## नए सीएम के लिए रस्साकशी अब तक तय नहीं हुए नाम

### महाराष्ट्र में पांच दिसंबर को बनेगी नई सरकार

# शिंदे की तबीयत बिगड़ी, भाजपा विधायक दल की टली बैठक

*महाराष्ट्र में अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच एकनाथ शिंदे अपने गांव सतारा में हैं। शनिवार को शिंदे की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। ऐसे में भाजपा विधायक दल की बैठक टल गई। इस बीच, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की नई सरकार पांच दिसंबर को बनेगी और देवेंद्र फडणवीस अगले मुख्यमंत्री बनने के उम्मीदवारों की दौड़ में सबसे आगे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/मुंबई

सतारा के दरे स्थित अपने निवास पर ठहरे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बुखार है। सतारा से डॉक्टरों की एक टीम उनके आवास पर पहुंच गई है और उनका इलाज कर रही है। सतारा में उनका पैतृक आवास है, जहां वह रह रहे हैं।

दरअसल, मुख्यमंत्री शिंदे सर्दी और वायरल बुखार से पीड़ित हैं। सुबह से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं है। वह पिछले एक महीने से राज्य के चुनावी दौरे पर थे और पिछले कुछ दिनों से सैकड़ों बैठकें करने के कारण उन्हें बुखार और सर्दी जैसे वायरल संक्रमण से जूझना पड़ रहा है, इसलिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आराम करने के लिए गांव गए हुए हैं। उन्हें फिलहाल बुखार है और उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। तबीयत पर जानकारी देते हुए डॉक्टर आर एम पारते ने कहा, 'एकनाथ शिंदे को बुखार, सर्दी और थ्रोट इन्फेक्शन है। मैंने उनको सलाईन लगाया है। एक-दो दिन में ठीक हो जाएंगे। कल से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। अब ट्रीटमेन्ट शुरू किया है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन महायुति ने 288 में से 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। ▶▶शेष पेज 4 पर

### बुखार-सर्दी जैसे वायरल संक्रमण से जूझ रहे सीएम



### अजित बोले- भाजपा का सीएम शिवसेना-एनसीपी का डिप्टी सीएम

एनसीपी नेता अजित पवार ने महाराष्ट्र में सरकार गठन की तस्वीर साफ कर दी है, अजित ने कहा कि सूबे में मुख्यमंत्री, भारतीय जनता पार्टी का होगा, जबकि शिवसेना और एनसीपी के खाते में डिप्टी सीएम का पद जाएगा।उन्होंने कहा कि बैठक (महायुति नेताओं की दिल्ली मीटिंग) के दौरान यह फैसला लिया गया है कि महायुति भाजपा के सीएम के साथ सरकार बनाएगी और शेष दो दलों यानी एनसीपी और शिवसेना के डिप्टी सीएम होंगे. ये पहली बार नहीं है, जब फैसले में देरी हुई है।

### शाह ने ली थी बैठक

दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आवास पर देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग बात की थी। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, एनसीपी सांसद सुनील तटकरे भी शाह के घर पहुंचे थे। बैठक करीब तीन घंटे चल चली लेकिन भी सीएम का नाम तय नहीं हो पाया। बैठक के बाद एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार तीनों देर रात ही मुंबई लौट गए।

### 23 नवंबर को जारी हुए थे नतीजे

आपको बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे, जिसमें महायुति को 233 सीटें मिली। इतना बंपर जनादेश मिलने के बावजूद सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने अभी तक मुख्यमंत्री के लिए अपनी पसंद को अंतिम रूप नहीं दिया है। 280 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, जबकि उसके सहयोगी दलों - एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने क्रमशः 57 और 41 सीटें जीतीं।

### आजाद मैदान में होगा शपथ ग्रहण

भाजपा के एक और वरिष्ठ नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा। लेकिन उससे पहले दो दिसंबर को भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए बैठक होगी। शिंदे ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अगले मुख्यमंत्री के संबंध में भाजपा नेतृत्व के निर्णय का पूरा समर्थन करेंगे और इस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेंगे।

## छत्तीसगढ़ को मिले तीन नए आईएएस


अक्षय दोशी


विपिन दुबे


क्षितिज गुरभले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ डीओपीटी ने किया राज्य कैडर आवंटन

केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय ने 2024 बैच के आईएएस अधिकारियों को उनके कैडर आवंटित कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ को 3 आईएएस अधिकारी मिले हैं। आवंटन सूची जारी होने के बाद अब राज्य सरकार इन अधिकारियों की पदस्थापना करेगी।

2024 बैच के कैडर में जिन अधिकारियों को छत्तीसगढ़ कैडर मिला, उनमें अक्षय दोशी, निवासी पश्चिम बंगाल ने यूपीएससी में 75वां रैंक प्राप्त किया है। विपिन दुबे उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, जिन्होंने यूपीएससी में 238वां रैंक हासिल किया है। क्षितिज गुरभले, महाराष्ट्र राज्य निवासी जिन्होने यूपीएससी में 441वां रैंक प्राप्त किया है।

गौरतलब है कि राजस्थान के बाड़मेर जिले के चौहटन गांव के रहने वाले अक्षय दोशी का बचपन इंडिया पाकिस्तान बॉर्डर के करीब ही बीता है। परिवार में कोई भी सरकारी नौकरी में नहीं था। अक्षय बताते हैं कि, उनके पिता के बड़े भाई का सपना था कि, परिवार से कोई यूपीएससी जरूर क्रैक करे। उन्हीं से इंस्पायर होकर पढ़ाई की शुरुआत की थी। अक्षय के पिता एलआईसी एजेंट है। मां हाउस वाइफ हैं। एक ▶▶शेष पेज 4 पर

### क्षितिज ने आईआईटी रुड़की से की पढ़ाई

क्षितिज गुरभले ने आईआईटी रुड़की जैसे देश के टॉप संस्थान से पढ़ाई की है। जब नौकरी की बात आई, तो वे करोड़ों के पैकेज वाली कंपनियों के पास नहीं गए। उन्होंने अपने दोस्तों और परिवार वालों को बताया कि, उन्हें अफसर बनना है। वे यूपीएससी की तैयारी करते रहे और पहली ही कोशिश में परीक्षा पास भी कर ली। अब आईएएस बनकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में जन्मे क्षितिज की स्कूली शिक्षा भोपाल में हुई।

### बेटे की पढ़ाई के लिए मां ने गहने गिरवी रख लिया गोल्ड लोन

# कंपनी ने बिना बताए कर दिया नीलाम




हरिभूमि नन्यूज ▶▶ बिलासपुर

■ उपभोक्ता आयोग ने बजाज फाइनेंस कंपनी पर लगाई पेनल्टी

बेटे की पढ़ाई के लिए महिला ने बजाज फाइनेंस में गहने गिरवी रखकर गोल्ड लोन लिया था। महिला हर महीने किस्त की राशि भी जमा करा रही थी। इसी बीच बीमा कंपनी ने महिला को बिना बताए उसके गहने को नीलाम कर दिया। महिला ने इसकी शिकायत उपभोक्ता आयोग में की थी। मामले की सुनवाई के ▶▶शेष पेज 4 पर

### पूरी किस्त जमा होने के बाद भी जेवर वापस नहीं

फाइनेंस कंपनी की मनमानी से परेशान गीता शिंदे ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपभोक्ता आयोग में मामला दायर किया। महिला ने अपने वाद में आयोग को बताया कि दिसंबर 2020 में बजाज फाइनेंस कंपनी से 34.89 ग्राम सोने के जेवर गिरवी रखकर एक लाख 12 हजार रुपए लोन लिया था। दिसंबर 2021 में जब किस्त की पूरी राशि जमा हो गई तब वह अपना जेवर लेने पहुंची। कंपनी के अधिकारियों ने जेवर वापस नहीं किए। तब उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कंपनी को लीगल नोटिस दिया। फाइनेंस कंपनी की ओर से जवाब में कहा गया कि महिला समय पर किस्त की राशि का भुगतान नहीं कर पाई थी। इसके चलते एग्रीमेंट के साथ ही नियमों के अनुसार गहने की नीलामी की गई।

### यह सरासर उपभोक्ता के अधिकार का उल्लंघन

फाइनेंस कंपनी की ओर से यह भी कहा गया कि गहने की नीलामी से कंपनी को एक लाख 24 हजार रुपए मिले हैं जबकि लोन के एवज में महिला से एक लाख 37 हजार रुपए वसूलने थे। अंतर की राशि को फाइनेंस कंपनी ने माफ करते हुए लोन अकाउंट को बंद कर दिया था। मामले की सुनवाई के बाद आयोग ने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सरासर उपभोक्ता के अधिकार का उल्लंघन है। उपभोक्ता आयोग ने कंपनी के जवाब व तर्क को खारिज कर दिया है। उपभोक्ता आयोग ने महिला के गहने या फिर वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर राशि वापस लौटाने का आदेश दिया है। महिला को हुए मानसिक कष्ट के लिए बतौर क्षतिपूर्ति 10 हजार रुपए और मुकदमे में हुए खर्च के लिए पांच हजार रुपए का भुगतान करने का आदेश भी दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ के चार शहरों में जल्द चलेंगी ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**सीएम साय की एक और पहल**



छत्तीसगढ़ के चार शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में नागरिकों को जल्द ही इको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत इन चारों शहरों में कुल 240 ई-बसें संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर के लिए 100, बिलासपुर और ▶▶शेष पेज 4 पर

### चार श्रेणियों में शहरों को बांटा

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत शहरों को जनसंख्या के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है। 20 लाख से 40 लाख तक की आबादी वाले शहरों को 150, दस से बीस लाख और पांच से दस लाख तक की आबादी वाले शहरों को 100-100 तथा पांच लाख से कम आबादी वाले शहरों को 50 ई-बसों की पात्रता है। इसके आधार पर रायपुर को 100 मीडियम ई-बसों, दुर्ग-भिलाई को 50 मीडियम ई-बसों, बिलासपुर को 35 मीडियम और 15 मिनी ई-बसों तथा कोरबा को 20 मीडियम एवं 20 मिनी ई-बसों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार बसों का क्रय तथा संचालन एजेंसी का चयन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

# भारतीय टीम नहीं जाएगी पाकिस्तान 'हाइब्रिड मॉडल' पर चैंपियंस ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶ कराची

बहिष्कार की धमकी से पीछे हटते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से कहा है कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' को स्वीकार करने को तैयार है। लेकिन विश्व संस्था को 2031 तक भारत में होने वाले टूर्नामेंट के लिए भी यही व्यवस्था अपनाने की अनुमति देनी होगी। पीसीबी के एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि बोर्ड इस 'हाइब्रिड मॉडल' पर सहमत होने के लिए सालाना राजस्व चक्र में ज्यादा हिस्सेदारी की मांग भी कर रहा है।

### भारत की धमकी से पाक नरम




### तीन पुरुष टूर्नामेंट की मेजबानी

भारत को 2031 तक भारत को आईसीसी के तीन पुरुष टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है। इसमें श्रीलंका के साथ मिलकर 2026 टी20 विश्व कप, 2029 चैंपियंस ट्रॉफी तथा बांग्लादेश के साथ मिलकर 2031 वनडे विश्व कप का आयोजन किया जाएगा।

### पाक भी नहीं आना चाहता भारत

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, 'मौजूदा स्थिति यह है कि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह 'हाइब्रिड मॉडल' पर चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी तभी स्वीकार करेगा जब बोर्ड इस बात पर सहमत हो कि भविष्य में सभी आईसीसी टूर्नामेंट इसी प्रणाली के आधार पर होंगे और पाकिस्तान अपने मैच खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा।

### 26 साल की महिला हुई शिकार, पुलिस अफसर बनकर वारदात

# डिजिटल अरेस्ट कर उतरवाए कपड़े, लाखों की ठगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में साइबर ठगी का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 26 वर्षीय महिला, जो बोरीवली ईस्ट में रहती हैं और एक फार्मा कंपनी में काम करती हैं। उससे साइबर अपराधियों ने पहले वीडियो कॉल पर कपड़े उतरवाए और फिर 1.78 लाख की ठगी कर ली। ये ठग दिल्ली पुलिस अधिकारी बनकर महिला से जुड़े। उन्होंने महिला को बताया कि उसका नाम एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है, जो नरेश गोयल से जुड़ा है। ठगों ने धमकी दी कि जांच के लिए उसे तुरंत सहयोग करना होगा, वरना उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ठग डिजिटल अरेस्ट में कैसे फंसाते हैं?

- साइबर ठग अनजान मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप पर वॉइस या वीडियो कॉल करते हैं।
- आपका पार्सल में ड्रग्स मिलने और आपत्तिजनक सामान मिलने की बात कहते हैं।
- अगर आप मना करेंगे तो वे आपके फोन नंबर व आधार यूज होने की बात कहेंगे।
- आपके किसी अपने के किसी गंभीर मामले में गिरफ्तार होने की बात भी कह सकते हैं।



**पुलिस की कार्रवाई :** दहिसर पुलिस स्टेशन में महिला की शिकायत दर्ज की गई, जिसे बाद में अंधेरी पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर कर दिया गया। केस भारतीय दंड संहिता की धारा 319(2), 318(4), 204, 74, 78, 79, 351(2) और आईटी एक्ट की धारा 66(a) व 65(d) के तहत दर्ज किया गया। पुलिस अब इन अज्ञात अपराधियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। यह मामला एक बार फिर से यह सवाल उठाता है कि कैसे साइबर अपराधी लोगों को डराकर और भ्रमित करके उनके साथ ठगी कर रहे हैं।

### सतर्क रहने का है जमाना

- साइबर अपराध से बचने के लिए किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें।
- कोई खुद को पुलिस या अधिकारी बताकर पैसे मांगे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।
- पुलिस अधिकारी कभी खुद की पहचान बताने के लिए वीडियो कॉल नहीं करेंगे।
- किसी भी राज्य की पुलिस आपको कभी कोई भी एप डाउनलोड करने को नहीं कहेगी।
- पहचान पत्र, एफआईआर की कॉपी और अरेस्ट वारंट ऑनलाइन नहीं भेजा जाता है।
- पुलिस अधिकारी कभी भी वॉयस या वीडियो कॉल पर बयान दर्ज नहीं कराते हैं।
- देश के कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनव के नतीजे के बाद ईवीएम पर सवाल उठाते हुए ऐलान किया है कि कांग्रेस देश भर में नो ईवीएम यात्रा करेगी। सांसद राहुल गांधी कांग्रेस में जान फूंकने के लिए दो बार पदयात्रा कर चुके हैं, इसके बाद चुनावों में नतीजे पार्टी के मुफीद नहीं हैं। हार पर मंथन के लिए कांग्रेस की बैठक में गंभीर चिंतन के रूप में इतना कहा गया है कि कांग्रेस को हर स्तर पर व्यापक बदलाव की जरूरत है, इस बदलाव की रूपरेखा प्रस्तुत नहीं की गई, इस बीच खरगे ने ईवीएम के खिलाफ अभियान चलाने के लिए एक और यात्रा का ऐलान कर दिया है। क्या कांग्रेस अपनी हर की असली वजहों का सामना नहीं करना चाहती है और ईवीएम का बहाना ढूंढ़ रही है या कांग्रेस अपने परिवार के नेता राहुल गांधी की चुनावी नाकामी पर खुलकर बात नहीं करना चाहती है, इसलिए ईवीएम का राग छेड़ कर विचार-विमर्श की दिशा बदल देना चाहती है। अध्यक्ष के रूप में क्या खरगे अपनी भूमिका का आंकलन कर पा रहे हैं? सवाल है कि 'नो ईवीएम' यात्रा से कांग्रेस अपनी जमीनी स्थिति बदल पाएगी? जैसे दो पदयात्राओं से खास हासिल नहीं हुआ? कांग्रेस ने अपने शासनकाल में ईवीएम का प्रयोग बंद क्यों नहीं किया, ईवीएम हैक के सबूत कभी आयोग को क्यों नहीं दिए? इसी विषय पर केंद्रित आजकल का यह अंक...**

# अब 'नो ईवीएम' यात्रा के भरोसे कांग्रेस



**दो टूक**

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

> **कांग्रेस ने एक बार फिर मतपत्रों की वापसी की मांग उठाई है। पार्टी ने इसके लिए देशव्यापी अभियान चलाने का ऐलान किया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम चाहते हैं कि बैलेट पेपर से ही चुनाव हो और इसके लिए हम भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर पूरे देश में नो ईवीएम अभियान चलाएंगे। चुनाव के नतीजे आने पर हारने वाली पार्टी ईवीएम पर सवाल खड़े करती है, ताकि वह जनता का ध्यान अपनी हार से हटा सके। कई देशों में अभी भी बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं, जिससे पार्टियां इसे एक विकल्प के रूप में पेश करती रहती हैं और ईवीएम पर सवाल उठाती हैं। हारी हुई पार्टियां दावा करती हैं कि सत्ता में रहने वाली पार्टी ईवीएम को हैक करके परिणाम अपने पक्ष में लाती है।**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद ईवीएम पर सवाल उठाना एक बार फिर से चर्चा का विषय बन गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि चुनावों में गड़बड़ी और पारदर्शिता की कमी रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर मतपत्रों की वापसी की मांग उठाई है। पार्टी ने इसके लिए देशव्यापी अभियान चलाने का ऐलान किया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम चाहते हैं कि बैलेट पेपर से ही चुनाव हो और इसके लिए हम भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर पूरे देश में 'नो ईवीएम' अभियान चलाएंगे। अक्सर देखा जाता है कि चुनाव के नतीजे आने पर हारने वाली पार्टी ईवीएम पर सवाल खड़े करती है, ताकि वह जनता का ध्यान अपनी हार से हटा सके। कई देशों में अभी भी बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं, जिससे पार्टियां इसे एक विकल्प के रूप में पेश करती रहती हैं और ईवीएम पर सवाल उठाती हैं। हारी हुई पार्टियां दावा करती हैं कि सत्ता में रहने वाली पार्टी ईवीएम हेरफेर करके परिणाम अपने पक्ष में लाती है, जिससे ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए जाते हैं।

## हार का ठीकरा फोड़ने का बहाना ईवीएम

ईवीएम को लेकर आरोप-प्रत्यारोप कांग्रेस के भी रहे हैं, बीजेपी के भी रहे हैं और क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने भी लगाए हैं। इसे विडंबना ही कहेंगे कि कमोबेश सभी राजनीतिक दलों ने इस पर सवाल उठाए हैं, मगर जब इन्हीं मशीनों से उनके खाते में जीत आती है, तो वे अपनी गलतबयानी को स्वीकारते नहीं, चुप्पी साध लेते हैं। जबकि ईवीएम तो एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन है, जो सभी दलों के नेताओं के साथ समान व्यवहार करती है, किन्तु हारे हुए उम्मीदवारों की ओर से इसे बदनाम किया जाता है। सवाल ये है कि क्या वास्तव में ईवीएम ऐसी बला है जो मनचाहे नतीजे निकाल सकती है या ये राजनीतिक दलों की सिर्फ हार की कुंठा है? अब तक कई विशेषज्ञ कह चुके हैं कि ईवीएम से कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है, लेकिन चुनाव हारने वाली विपक्षी पार्टियां सारा दोष ईवीएम पर डाल देती हैं। अगर चुनाव जीत जाती हैं, तो ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठता है। ईवीएम बस हार का ठीकरा फोड़ने का एक बहाना बन चुका है। लेकिन ईवीएम पर बार-बार प्रश्न उठाना लोकतंत्र के हित में नहीं है। इससे मतदाता के दिमाग में भी सवाल उठते हैं। ईवीएम को लेकर इस तरह की बातें नहीं होनी चाहिए। ईवीएम पर संदेह करने के बजाय हारे हुए प्रत्याशियों को स्वयं पर संदेह करना चाहिए और बेहतर विचारधारा और जनसेवा की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## ईवीएम का विवाद नया नहीं, पुराना है

वैसे, ईवीएम का ये विवाद देखा जाए तो नया नहीं है। इससे पहले गाहे बगाहे विभिन्न चुनावी मौकों पर राजनीतिक दल



और नेता, इसके जरिए फर्जी मतदान की आशंका जता चुके हैं। ऐसा नहीं है कि ईवीएम पर पहली बार सवाल खड़े हुए हैं। जब 2009 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन को कांग्रेस गठबंधन से हार मिली थी तब पार्टी के प्रधानमंत्री उम्मीदवार लालकृष्ण आडवाणी ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। बीजेपी नेता और सेफोलॉजिस्ट जीवीएल नरसिम्हा ने तो ईवीएम की त्रुटियों पर पूरी किताब ही लिख दी, जिसकी भूमिका खुद आडवाणी ने लिखी थी। उस समय बीजेपी ने बाकायदा ईवीएम के खिलाफ अभियान चलाया था। हालांकि, चुनाव आयोग स्पष्ट तौर से कह चुका है कि जिन देशों में ईवीएम विफल साबित हुए हैं, उनसे भारतीय ईवीएम की तुलना 'गलत और भ्रामक' है। आयोग ने कहा, दूसरे देशों में पर्सनल कम्प्यूटर वाले ईवीएम का इस्तेमाल होता है जो ऑपरेटिंग सिस्टम से चलती हैं, इसलिए उन्हें हैक किया जा सकता है, जबकि भारत में इस्तेमाल किए जाने वाले ईवीएम एक पूरी तरह स्वतंत्र मशीन होते हैं और वो किसी भी नेटवर्क से नहीं जुड़े होते और न ही उसमें अलग से कोई इनपुट डाला जा सकता है। भारतीय ईवीएम मशीन के सॉफ्टवेयर चिप को केवल एक बार प्रोग्राम किया जा सकता है।

## कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा नहीं

आश्चर्य ये है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट पर भी भरोसा नहीं है, जो बार-बार कह रहा है कि चुनाव जीतने पर चुप्पी और हारने पर ईवीएम को दोष देना ठीक नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा कि चंद्रबाबू नायडू और जगन मोहन रेड्डी जैसे नेता चुनाव हार जाते हैं तो वे ईवीएम को दोषी ठहराते हैं। पर, जब वे जीत जाते हैं तब उन्हें ईवीएम में कोई खराबी नजर नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि ईवीएम की वजह से बूथ कैप्चरिंग और फर्जी मतदान की समस्याओं से निजात मिली है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट और कई हाईकोर्ट में करीब 42 याचिकाएं दायर की गई हैं और सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा है कि ईवीएम प्रामाणिक, भरोसेमंद और छेड़छाड़-रहित है। मशीनों से छेड़छाड़ या हैकिंग को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को लेकर 29 नवंबर को लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, ईवीएम एक 'स्टैंडअलोन' मशीन है जिसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी संचार क्षमता नहीं है, इसलिए ये वायरलेस, ब्लूटूथ और वाई-फाई के माध्यम से संचार नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि मशीन किसी भी छेड़छाड़ या हेरफेर को रोकने के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित है। इसमें कई तकनीकी सुरक्षा विशेषताएं शामिल हैं।

## कांग्रेस राज में शुरू हुई ईवीएम से वोटिंग

कांग्रेस को अब ईवीएम में खराबी नजर आती है, लेकिन पार्टी यह भूल जाती है कि वोटिंग की यह नायाब प्रक्रिया उसी के शासन काल में शुरू हुई थी। कांग्रेस के शासन काल में पहली बार ईवीएम से मतदान कराया गया था। कहीं बूथ कैप्चरिंग की शिकायतें आती थीं तो कहीं मतपत्र लूट लिए जाते थे। इस क्रम में खून-खराबा और मार-पीट की घटनाएं भी खूब होती थीं। चुनाव में हिंसा का आलम ये होता था कि चुनाव ड्यूटी लगने की खबर से ही कर्मचारियों के पसीने छूटने लगते थे।

## जीतने पर कोई ईवीएम को दोष नहीं देता

सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, आम आदमी को भी ये सुनकर आश्चर्य होता है कि जब कांग्रेस या विपक्षी पार्टियां जीतती हैं तो उन्हें ईवीएम में कोई खराबी नजर नहीं आती। ईवीएम से वोट डालने की प्रक्रिया बीजेपी के शासन काल में शुरू नहीं हुई। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल को छोड़ दिया जाए तो दूसरी बार देश की सत्ता बीजेपी के हाथ 2014 में आई। जब तक कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां जीतती रहीं, उस दौरान ईवीएम के बदले बैलेट पेपर से चुनाव कांग्रेस सरकार ने नहीं करवाए। 2014 से कांग्रेस जब हार रही है तो उसे ईवीएम में खोट नजर आने लगी। अपनी हार को कांग्रेसी या गैर-भाजपा दल बीजेपी की चाल बताने में तनिक भी संकोच नहीं करते। इस साल हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था कि सरकार बनने पर ईवीएम के बेहतर इस्तेमाल पर ध्यान दिया जाएगा। यानी सीधे-सीधे कांग्रेस ने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से वोटिंग कराने की बात कही। अब पार्टी बैलेट पेपर से मतदान कराने के लिए अभियान छेड़ने की बात कह रही है।

## बैलेट पेपर में पैसे और समय की बर्बादी

सेंटर फार मीडिया स्टडीज की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2019 में हुआ देश का आम चुनाव दुनिया में सबसे अधिक खर्चीला था। 2019 में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में तकरीबन 100 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान सीएमएस ने लगाया था। आंकड़ों का विश्लेषण करें तो उस साल पड़े हर वोट पर 700 रुपये खर्च हुए। सीएमएस प्रमुख कहते हैं कि यदि 2024 में सभी स्तरों पर होने वाले चुनाव के खर्च अनुमान लगाएं तो यह 10 लाख करोड़ रुपये बैठता है। भारत जैसे देश के लिए इतना खर्चीला चुनाव नुकसानदेह है।

शायद यही वजह है कि नरेंद्र मोदी की सरकार वन नेशन, वन इलेक्शन की बात पर जोर दे रही है। विपक्ष बार-बार यह तर्क देता है कि कई देशों में अब भी बैलेट पेपर से चुनाव हो रहा है। भारत में ईवीएम से मतदान कराने में गड़बड़ी की आशंका है। विपक्ष इसके लिए जर्मनी, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड और इंग्लैंड जैसे कई देशों के नाम गिनाता है। तर्क देते समय विपक्ष भूल जाता है कि 140 करोड़ आबादी वाले भारत में अभी तकरीबन 97 करोड़ से ज्यादा वोटर हैं। जिन देशों का विपक्ष हवाला देता है, उनकी आबादी भारत के मुकाबले कितनी है, यह सबको पता है। भारत में बैलेट पेपर से वोटिंग हुई तो मतपत्रों को गिनने में ही पसीने छूट जाएंगे।

## कई देशों में आज भी नहीं होता ईवीएम का इस्तेमाल

बात चाहें जो भी हो, लेकिन इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि ईवीएम में छेड़खानी करने के लिए किसी रॉकेट साइंस की जरूरत नहीं है। हालांकि ये बात सच है कि दुनिया के विकसित और कई विकासशील देशों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जगह बैलेट पेपर को ही प्राथमिकता दी जाती है। जर्मनी और नीदरलैंड ने पारदर्शिता के अभाव में ईवीएम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी। इटली को भी लगता है कि ईवीएम से नतीजे प्रभावित किए जा सकते हैं। आयरलैंड ने तीन सालों तक ईवीएम पर शोध में पांच करोड़ 10 लाख पाउंड खर्च करने के बाद इनके इस्तेमाल का ख्याल छोड़ दिया। अमेरिका समेत कई देशों में बिना पेपर ट्रेल वाले ईवीएम पर रोक है। यू कहें कि अमेरिका में 50 में से सिर्फ पांच राज्य में ही ईवीएम का इस्तमाल होता है, बाकी हर राज्य में बैलेट से मतदान होता है। यूरोप के कई देशों में मतदान बैलेट से ही होता है। हालांकि इन सभी देशों में मतदाताओं की संख्या भारत की तुलना में बहुत कम है। चुनाव में होने वाले खर्च धन, समय और ऊर्जा के मामले में भी यही हाल है। जिस तरह से ईवीएम को लेकर अफवाहें फैल रही हैं उसे लेकर कुछ किया जाना चाहिए। आयोग को दो-चार पंक्ति के बयान से आगे जाकर कुछ करना चाहिए ताकि जनता के बीच ऐसे सवालों के लिए जगह नहीं बचे। कुल मिलाकर कोशिश ये होनी चाहिए कि देश में चुनाव प्रणाली को और पारदर्शी बनाया जाए। इसके लिए राजनीतिक दलों को मिलकर कोशिश करनी चाहिए, न कि अपनी हार पर ईवीएम खराब है का आरोप लगाकर राजनीति करनी चाहिए। आयोग के सामने कोई भी दल ईवीएम हैक करने की बात साबित नहीं कर सका है। ईवीएम को लेकर बेशक कांग्रेस देशव्यापी अभियान चलाए, पर अपनी हार का असली कारण ढूंढ़े।

# पिटी हुई लकीर को ही पीट रही कांग्रेस



**ईवीएम सियासत**

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक

एक कहावत है, चित भी मेरी, पट भी मेरी और अंटा मेरे बाप का। पिछले कुछ साल से ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों का रवैया भी कुछ ऐसा ही है। अब ईवीएम विरोधी राग में अपना सुर उस कांग्रेस का नेतृत्व भी मिलाने लगा है, जिसके राज में ईवीएम के जरिए चुनाव होना शुरू हुआ। 2009 के आम चुनाव में पहली बार ईवीएम का इस्तेमाल शुरू हुआ। यह बताने की जरूरत नहीं कि उस चुनाव में 2004 की तुलना में कांग्रेस की अगुआई वाले राष्ट्रीय प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को बड़ी जीत हासिल हुई थी। तब ईवीएम पर बीजेपी के तत्कालीन थिंक टैंक के कुछ लोगों ने वैसा ही आरोप लगाया था, जैसा आज कांग्रेस समेत विपक्ष लगा रहा है।

## कांग्रेस का देशव्यापी अभियान

ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर दबाव बनाने को लेकर देशव्यापी यात्रा करने को लेकर कांग्रेस सोच रही है। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों के बाद हुई कांग्रेस कार्यसमिति की पहली बैठक में कांग्रेस की महासचिव और नव निर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी ने जिस तरह ईवीएम का विरोध जताया, उससे लगता है कि कांग्रेस ईवीएम को चुनाव प्रक्रिया से हटाने के लिए आखिरी लड़ाई लड़ने का मूड बना चुकी है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में प्रियंका ने कहा कि हमें यह तय करना होगा कि बैलेट पेपर ही चुनाव का एक मात्र रास्ता है, कोई बीच का रास्ता नहीं है। प्रियंका भले ही मल्लिकार्जुन खरगे के नीचे कांग्रेस की महासचिव हैं, लेकिन वह गांधी-नेहरू परिवार का हिस्सा हैं। वह ऐसी महासचिव हैं, जिसकी बात काटने की हिम्मत कांग्रेस अध्यक्ष शायद ही दिखा पाएं। अगर राहुल गांधी की सहमति मिली, जिसकी संभावना ज्यादा है तो तय है कि कांग्रेस ईवीएम के सवाल पर देशव्यापी अभियान पर निकल सकती है। ईवीएम विरोधी नैरेटिव में कांग्रेस का मददगार प्रगतिशील वामपंथी वैचारिक खेमा बड़ा सहयोगी है। इस खेमे के यूट्युबिया पत्रकार भी ईवीएम विपक्षी दलों के नैरेटिव को बढ़ावा देने में सक्रिय हैं। उनकी लाख कोशिशों के बावजूद ईवीएम विरोधी माहौल नहीं बन पा रहा है। आम मतदाता और नागरिक विपक्षी हार के पीछे ईवीएम केंद्रित षड्यंत्र को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। ईवीएम विरोधी मानस बनाने की कोशिश केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार के स्थापित होने के बाद शुरू हुई। दिलचस्प यह है कि मोदी के उभार के बाद ही कांग्रेस और उसका साथी विपक्ष मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और झारखंड के विधानसभाओं में जीत हासिल कर चुका है। ईवीएम विरोधी नैरेटिव के शुरुआत के बाद पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी दो-दो, दिल्ली में केजरीवाल दो-दो चुनाव और बिहार में 2015 का चुनाव बीजेपी विरोधी खेमा जीत चुका है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी बहुमत के आंकड़े से तैंतीस सीटें पीछे रह गई। अगर ईवीएम विरोधी नैरेटिव को एक बार के लिए सही मान लिया जाए तो यह स्वीकार करना पड़ेगा कि इन राज्यों को ईवीएम समर्थक बीजेपी कम महत्वपूर्ण मानती है, इसीलिए उसने तश्तरी में इन राज्यों को पेश करते हुए विपक्षी दलों को समर्पित कर दिया। ईवीएम विरोधियों के लिए लोगों को यह समझाना आसान नहीं लग रहा कि ईवीएम का अपने लिए इस्तेमाल करने वाली बीजेपी आखिर खुद क्यों बहुमत से दूर हो गई? दरअसल इन्हीं तथ्यों की बुनियाद वह पेच है, जिसकी वजह से ईवीएम विरोधी राष्ट्रव्यापी व्यापक माहौल नहीं बन पा रहा है।

## ईवीएम विरोधी नैरेटिव

अदालत का भी इस नैरेटिव को बढ़ावा देने की राह का सहभागी बनाने का प्रयास हुआ। महाराष्ट्र और झारखंड के नतीजों के बाद ईवीएम के खिलाफ देश की सबसे बड़ी



अदालत में याचिका दायर कर दी गई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे न सिर्फ खारिज कर दिया, बल्कि यह भी कहा कि ईवीएम से जब विपक्ष जीतता है तो सवाल क्यों नहीं उठते। एक तरह से अदालत इस प्रक्रिया में भागीदार बनने से इनकार कर चुकी है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में प्रियंका गांधी के ईवीएम विरोधी रुख के खिलाफ पार्टी के दो नेता बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि कार्यसमिति की बैठक में शशि थरूर और पी चिदंबरम ने इसका विरोध किया। वे प्रियंका की राय से सहमत नहीं दिखे। कांग्रेस के इन दोनों नेताओं की बौद्धिक साख है।

## अपनी कमियों की ओर झांकना होगा

इन दोनों का इसका विरोध करने का मतलब है कि वे भी मानते हैं कि अपनी हार के लिए सिर्फ ईवीएम को दोष देना ठीक नहीं, बल्कि अपनी कमियों की ओर भी झांकना होगा। दरअसल कांग्रेस का असल संकट यह है कि वे अपनी कमियों की ओर झांक नहीं पा रही है। कई बार ऐसा लगता है कि या तो वह अपनी गलतियों की पहचान नहीं कर पा रही है या फिर उनकी ओर से जानबूझकर आंखें मूंदे पड़ी है। शायद यही वजह है कि वह अपनी कमियों और उनकी बुनियाद में नहीं जा पा रही है। इसकी बजाय वह ईवीएम पर ठीकरा फोड़ रही है। एक दौर था कि यात्राएं किसी भी राजनेता को जननेता बनाने में बड़ी भूमिका निभाती थीं। दांडी यात्रा ने गांधी को ख्याति और महत्ता को और व्यापक बनाया। आजादी के बाद विनोबा की संत ख्याति को बढ़ाने में उनकी भूदान यात्रा ने बड़ा योगदान दिया। बाद के दिनों में चंद्रशेखर को जननेता के रूप में स्थापित करने में उनकी 'भारत यात्रा' ने बड़ी भूमिका निभाई। इसी सदी की शुरुआत में आंध्र प्रदेश के नेता वाई राजशेखर रेड्डी ने राज्यव्यापी यात्रा की और लगभग अजेय समझे जाने वाले चंद्रबाबू नायडू की सरकार को 2004 में ऐसा उखाड़ फेंका। इसी यात्रा के सहारे कांग्रेस की केंद्रीय सत्ता में वापसी हुई थी। इसी कड़ी में राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं को देखिए। पहले उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा' और बाद में 'मणिपुर से मुंबई तक की यात्रा' की।

## यात्राओं का चुनावी फायदा

महाराष्ट्र जैसे कुछ अपवादों को छोड़ दें तो इन यात्राओं का चुनावी फायदा उठा पाने में कांग्रेस नाकाम रही। कायदे से होना यह चाहिए था कि कांग्रेस गंभीरता से विचार करती कि किन वजहों से वह चुनावी फायदा उठाने में कामयाब नहीं हुई, तो उसने ईवीएम पर ठीकरा फोड़ दिया। उसके इस ठीकरा फोड़ अभियान में उसके वैचारिक सहयोगी शामिल हो गए। कांग्रेस की कमी यह है कि वह फूंके हुए कारतूस बन चुके अपने नेताओं और छद्म नैरेटिव पर चुनावी राजनीति को केंद्रित करने की कोशिश कर रही है। उसके पुराने नेता अपने दौर में भले ही ताकतवर और गंभीर रहे हों, लेकिन बदले हुए हालात और राजनीति में वे अप्रासंगिक हो गए हैं। लेकिन कांग्रेस उन्हीं पर भरोसा कर रही है। कई बार ऐसा लगता है कि वह दबाव में आ जाती है और उन्हें ही आगे कर देती है। ये नेता स्व का फायदा ज्यादा देखते हैं, कांग्रेस का लाभ कम।

## वाम वैचारिक नैरेटिव प्रतिकूल

अज्ञेय के शब्दों में कहें तो उपमान मैले हो गए हैं, कुछ इसी तरह कांग्रेस के पुराने नेताओं के राजनीतिक औजार पुराने हो गए हैं। इसलिए वे तो मात खाते ही हैं, कांग्रेस को भी पिछड़ने के लिए मजबूर कर देते हैं। कांग्रेस के आला नेतृत्व, जिसमें राहुल और प्रियंका हैं, उनका भरोसा वाम वैचारिक नैरेटिव पर ही ज्यादा है। हकीकत यह है कि यह नैरेटिव भारतीयता की धारा के सर्वथा प्रतिकूल है। वाम राजनीति का लगातार पिछड़ते रहना इसका स्पष्ट उदाहरण है। अव्वल तो होता यह कि इन कमियों के साथ ही कुछ और की ओर कांग्रेस और उसका आलाकमान देखता और अपने सियासी विस्तार की बुनियाद इन पर बनाता। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा।

ईवीएम के खिलाफ अभियान इसी वैचारिकी का विस्तार लगता है। इसका राजनीतिक फायदा न होना है और न होगा। कांग्रेस जितनी जल्दी इस तथ्य को समझेगी, उतनी ही जल्द वह आगे बढ़ने की राह खोज लेगी। हालांकि ऐसा होता कम से कम अभी तो नहीं ही दिख रहा है। कांग्रेस की मौजूदा चाल पिटी हुई लकीर को पीटना ही कहा जा सकता है, कुछ और नहीं।

# एड्स के इलाज की बढ़ी उम्मीदें



**दिवस विशेष**

श्वेता गोयल

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से हैं)

जब 1981 में पहली बार न्यूयार्क और कैलिफोर्निया में पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, तब किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आने वाले दशकों में यह बीमारी किस हद तक एक जानलेवा बीमारी के रूप में हर साल लाखों लोगों के लिए काल बन जाएगी। हालांकि शुरुआती कुछ समय तक इसे समलैंगिकों की एक बीमारी माना जाता रहा और फिर इसे असुरक्षित यौन संबंधों से पैदा होने वाला रोग माना गया। बाद के वर्षों में वैज्ञानिक शोधों से पता चला कि इस जानलेवा बीमारी का कारण केवल असुरक्षित यौन संबंध ही नहीं हैं बल्कि यह एचआईवी संक्रमित रक्त उत्पाद, संक्रमित सुई या सीरिंज, संक्रमित मां से बच्चे में तथा कुछ अन्य कारणों से भी फैलती है। 1990 के दशक तक इस बीमारी को लेकर लोगों में दहशत देखने को मिलती थी किन्तु एड्स को लेकर फैली भ्रांतियों को लेकर सरकार द्वारा चलाए गए अभियान का ही असर रहा कि अब इस बीमारी को लेकर लोगों में पहले की भांति दहशत व्याप्त नहीं दिखती, वहीं एड्स के मरीजों की संख्या में भी गिरावट दर्ज की जाने लगी है।

## 4 करोड़ एचआईवी पॉजिटिव

एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद करीब 8 करोड़ लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। दुनियाभर में लगभग 4 करोड़ लोग एचआईवी पॉजिटिव हैं। हालांकि 'ग्लोबल हैल्थ' की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एंटीरेट्रोवायरल उपचार लेने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है और इस वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या में प्रतिवर्ष कमी आ रही है लेकिन फिर भी एचआईवी से संक्रमित होने वालों की संख्या अभी भी हर साल डेढ़ मिलियन से ज्यादा है। एड्स को लेकर यह अभी भी चिंताजनक स्थिति है। एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस) एक ऐसा एंटी वायरस है, जो शरीर की रोग प्रतिरक्षा प्रणाली पर प्रहार करते हुए शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को कम या नष्ट कर देता है। यही एड्स का कारण बनता है और रोगी मौत की ओर खिंचा चला जाता है। यह वायरस शरीर की श्वेत कोशिकाओं को नष्ट कर देता है, जिनमें उच्च आनुवंशिक परिवर्तनशीलता का गुण है। अब इस भयावह बीमारी के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी कार्य हो रहे हैं।

## 'किल स्विच' से आस

फिलहाल एचआईवी संक्रमित मरीज को जीवनभर दवाएं लेनी पड़ती हैं और



इस वायरस को निष्क्रिय करने के लिए एंटीरेट्रोवायरल थैरेपी का सहारा लिया जाता है लेकिन इस उपचार पद्धति में परेशानी यह है कि इस थैरेपी के बंद होने के बाद एचआईवी वायरस पुनः सक्रिय हो जाता है और पहले के मुकाबले और भी तेजी से बढ़ता है। इसलिए एंटीरेट्रोवायरल थैरेपी के अलावा कुछ और ऐसे उपचार खोजने में भी शोधकर्ता जुटे हैं, जिनसे इस बीमारी को जड़ से खत्म करने में मदद मिले। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा एक ऐसा आणविक 'किल स्विच' खोजा गया है, जो एड्स का कारण बनने वाले वायरस से संक्रमित कोशिकाओं के रिप्रोडक्शन का पूरी तरह खात्मा करेगा।

शोधकर्ता एड्स की बीमारी के इलाज की दिशा में इसे एक बड़ी सफलता मान रहे हैं और उनका कहना है कि कोशिकाओं में निष्क्रिय पड़े वायरस को नष्ट करने के लिए इस किल स्विच को नियंत्रित किया जा सकता है। इस शोध के दौरान प्रयोगशाला में इंसानों की कोशिकाओं पर हुए परीक्षण में वैज्ञानिकों ने पाया कि एक विशेष मॉलीक्यूल को नियंत्रित करके निष्क्रिय एचआईवी कोशिकाओं को नष्ट किया जा सकेगा। प्रमुख अध्ययनकर्ता डा. तारिक राना का कहना है कि इस शोध में मिली सफलता के जरिये एड्स को जड़ से खत्म करने में मदद मिल सकेगी। हालांकि उनका यह भी कहना है कि अभी इस दिशा में और भी अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है।

## यूनिवर्सल वैक्सीन बनेगी


अमेरिकी शोधकर्ताओं ने भी एड्स से लड़ने के लिए कुछ समय पहले एक टीके के सफल परीक्षण का दावा किया है। दावे के मुताबिक दक्षिण अफ्रीकी लोगों पर किए गए परीक्षण के नतीजे काफी संतोषजनक रहे हैं। वाशिंगटन के सिएटल स्थित एचआईवी वैक्सीन ट्रायल नेटवर्क के इन शोधकर्ताओं का कहना है कि एचआईवी मामले में अब जल्द ही यूनिवर्सल वैक्सीन को विकसित किया जा सकेगा। शोधकर्ताओं ने सौ लोगों के समूह पर इस टीके का परीक्षण किया और पाया कि इन लोगों के शरीर ने ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाओं का बहुत बड़ी संख्या में उत्पादन किया, जिन्हें शरीर एड्स पैदा करने वाले वायरस से लड़ने के लिए इस्तेमाल करता है। इस टीके से शरीर ने एचआईवी और एड्स से 31 फीसदी से भी ज्यादा दर से बचाव और मुकाबला किया। शोध का नेतृत्व करने वाले डा. लैरी कोरी का कहना है कि इस टीकाकरण से एचआईवी के कई प्रकार के स्ट्रेन्स से बचा जा सकता है।

## संतोषजनक परिणाम मिले

शोध के दौरान 21 वर्ष की औसत आयु वाले लोगों को आरवी-144 नामक दवा देकर देखा गया कि उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कैसे प्रतिक्रिया करती है। बहरहाल, एड्स के उपचार की दिशा में दुनियाभर में जिस तरह के शोध निरंतर हो रहे हैं और ऐसे कुछ शोधों के संतोषजनक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, ऐसे में निकट भविष्य में एड्स का सफल इलाज खोजे जाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं, जिससे इस बीमारी का जड़ से खात्मा संभव होगा।

# अकेले रहने से आया सकारात्मक बदलाव

**मुंबई।** अनन्या पांडे फिल्म इंडस्ट्री की उन कुछ स्टार किड्स में से एक हैं, जो अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे और भावना पांडे की बेटी अनन्या लगातार अपनी फिल्मों के जरिए खुद की पहचान बनाने में जुटी हुई हैं। अभिनेत्री ने कुछ फिल्में करने के बाद अपना खुद का घर खरीदा और वहां रहने लगीं हैं। हाल में ही अभिनेत्री ने बताया कि कैसे परिवार से दूर अकेले रहने से उन्हें अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि अपने माता-पिता के साथ घर पर रहने से अक्सर उनकी उदासी और बढ़ जाती थी, क्योंकि वे अनजाने में ही उसमें योगदान देते थे। वी आर युवा के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए अनन्या ने अपने पिता चंकी पांडे से खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि कैसे अकेले रहने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।



## खूंखार लुक और मंझी हुई अदाकारी से दर्शकों को खुद से नफरत करने पर कर दिया मजबूर

# जब पैर छूने पर सेट से निकाला गया एक्टर, डायरेक्टर ने किया था बेइज्जत

*नई दिल्ली। जब भी बॉलीवुड के टॉप खलनायकों का जिक्र होता है तो इनमें अमरीश पुरी से लेकर अमजद खान तक के नाम लिए जाते हैं। ये वो दिग्गज कलाकार रहे, जिनकी आवाज ही दर्शकों के शरीर में कंपन पैदा कर देने के लिए काफी थी। बॉलीवुड में ऐसा ही एक और खलनायक हुआ, जिसने अपने खूंखार लुक और मंझी हुई अदाकारी से दर्शकों को खुद से नफरत करने पर मजबूर कर दिया, लेकिन उनके संस्कार को देखकर लोग उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाते। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड के नंबर वन खलनायक आशुतोष राणा की। आशुतोष राणा को बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था। शुरुआती दिनों में गांव में होने वाली रामलीला में वो रावण का किरदार निभाते थे और रावण के किरदार में उन्हें बेहद पसंद किया जाता था। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे बॉलीवुड इंडस्ट्री में बड़े चेहरे के रूप में उभरेंगे।*



### महेश भट्ट ने दिखाया बाहर का रास्ता

महेश भट्ट और आशुतोष राणा की एक बेहद दिलचस्प स्टोरी है। बात उस वक्त की है जब आशुतोष राणा एक्टिंग जगत में अपने पैर जमाने की कोशिश में थे। वह काम की तलाश में थे। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (NSD) के स्टूडेंट रहे आशुतोष प्रोड्यूसर-डायरेक्टर से नोक-झोंक हुई, जो उस समय टीवी शो 'स्वाभिमान' बनाने की तैयारी कर रहे थे। आशुतोष राणा की एक आदत थी, वह जब भी किसी बड़े या सम्माननीय से मिलते तुरंत उसके पैर छू लेते थे।

### आशुतोष राणा पर क्यों गुस्साए थे महेश भट्ट?

इसी बीच आशुतोष राणा की मुलाकात महेश भट्ट से हुई। महेश भट्ट को देखते ही आशुतोष राणा ने तुरंत उनके पैर छू लिए और अपनी इसी आदत के चलते वह सेट से भी निकाल दिए गए। दरअसल, महेश भट्ट को उनका पैर छूना रास नहीं आया, जिसके चलते उन्होंने सेट के सिक्योरिटी गार्ड को फटकार लगाई और आशुतोष राणा को बाहर निकालने को कह दिया। इसके बाद आशुतोष ने महेश भट्ट से मिलने की कई असफल कोशिशों के बाद जब उनसे मिले तो उन्होंने फिर से उनके पैर छूए। जब महेश भट्ट ने उनसे इस बारे में पूछा तो आशुतोष ने बताया कि उनके माता-पिता ने उन्हें हमेशा अपने बड़ों का आशीर्वाद लेने की शिक्षा दी है। आशुतोष की यह बात महेश भट्ट को बेहद पसंद आई। महेश ने उन्हें 'संघर्ष' में कास्ट कर लिया। इसके बाद आशुतोष ने महेश भट्ट की फिल्म 'जख्म' में फिर साथ काम किया।



### दिग्गज सुपर स्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर

आशुतोष राणा को अपने नेगेटिव रोल के लिए बेहद पसंद किया जाता है। आशुतोष ने बी-टाउन के कई महान कलाकारों के साथ काम किया है, उन्होंने काजोल और संजय दत्त के साथ फ़िल्म 'दुश्मन' में, अनुभव सिन्हा के साथ फ़िल्म 'मुल्क' में, शशांक खेतान की फिल्म 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में वरूण धवन और आलिया भट्ट के साथ काम किया, पठान में शाहरुख खान, 'वॉर' में ऋतिक रोशन और 'फाइटर' में दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर के साथ भी काम किया।

### रेणुका शहाणे से शादी...

आशुतोष ने एक्ट्रेस रेणुका शहाणे से शादी की है। आशुतोष और रेणुका के दो बेटे शौर्यमन नीखरा और सत्येंद्र नीखरा हैं। आशुतोष अपने नेगेटिव किरदार के लिए मशहूर हैं। अपने नेगेटिव किरदार में दर्शकों को रोमांचित करने के लिए जाने जाते हैं। फिलहाल आशुतोष अपनी अपकमिंग मूवी 'वॉर 2' और आलिया भट्ट स्टारर 'अल्फा' की शूटिंग में बिजी हैं।

## 'जाट' बन धमाल मचाने को तैयार सनी देओल...

**मुंबई।** सनी देओल अपनी आने वाली फिल्म 'जाट' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। गणतंत्र दिवस 2025 पर रिलीज होने वाली यह फिल्म प्रशंसकों के बीच बड़ी चर्चा पैदा कर रही है। 'गदर 2' की बड़ी सफलता के बाद दर्शकों को सनी की इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। ताजा रिपोर्टों से पता चलता है कि 'जाट' का टीजर जल्द आने वाला है। 1 मिनट, 28 सेकंड के टीजर को हाल ही में सेंसर बोर्ड द्वारा यू/ए सर्टिफिकेट मिला है। इसे 16 साल से अधिक के बच्चे देख सकते हैं। प्रमाणन मिलने के बाद ऐसा लगता है कि फिल्म के निर्माता जल्द ही टीजर को रिलीज करेंगे। फिल्म की रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ, दिसंबर में प्रचार प्रसार शुरू होने की उम्मीद है। जानकारी तो यह भी है कि फिल्म के टीजर को आगामी फिल्म के साथ भी जोड़ा जा सकता है, जिससे दर्शकों को एक झलक मिलेगी। सनी ने सबसे पहले अपने जन्मदिन पर 'जाट' शीर्षक और अपने दमदार फर्स्ट लुक से पर्दा उठाया।



# श्रीदेवी का पहला पति था ये बच्चा बड़ा होकर बना सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में किसी भी स्टार की किस्मत को बुलंदी पर पहुंचने में देर नहीं लगती और सूरज ढलने लगे तो करियर को भी लुढ़कने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। हिट पर हिट देते रहने से सितारा शीर्ष पर बना रहता है। जहां एक दो फिल्म फ्लॉप हुई नहीं कि चमक घटने लगती है। लेकिन, तस्वीर में दिख रहे इस बच्चे की किस्मत का फैसला चंद फिल्में नहीं कर सकती थीं। ये तो फिल्मी फलक पर चमकने के लिए तैयार था। लगातार फ्लॉप फिल्मों पर एक फिल्म इस कदर भारी पड़ी कि इस बच्चे को सब इंडिया का माइकल जैक्सन कहने लगे।



### *33 फिल्में फ्लॉप फिर बना नया इतिहास*

*ये तस्वीर है मिथुन चक्रवर्ती की, जिनकी फिल्मी पारी बेहद लंबी रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने एक्शन, रोमांस के साथ साथ डांसिंग स्टार के तौर पर अपनी खास पहचान बनाई है। मिथुन चक्रवर्ती के करियर में एक दौर ऐसा भी आया था कि उनकी एक के बाद एक फिल्में फ्लॉप हो रही थीं। उन्होंने लगातार 33 फिल्में फ्लॉप दीं। हालांकि उनकी पॉपुलैरिटी इतनी ज्यादा थी कि उसके बाद भी उनके हाथ में 12 फिल्में थीं, जिसमें से एक थी डिस्को डांस। ये फिल्म रिलीज हुई और कुछ ही दिनों में सौ करोड़ कमाने में कामयाब रही।*

### *श्रीदेवी से शादी*

*मिथुन चक्रवर्ती का नाम बॉलीवुड की कई हसीनाओं के साथ भी जुड़ा। मिथुन चक्रवर्ती का नाम को-स्टार रंजीता, योगिता बाली, सारिका और अन्य अभिनेत्रियों के साथ जुड़ा, लेकिन श्रीदेवी के साथ उनके अफेयर की चर्चा सबसे ज्यादा हुई। कहते हैं कि श्रीदेवी से एक्टर ने शादीशुदा होते हुए भी शादी कर ली थी। आज भी मिथुन चक्रवर्ती को श्रीदेवी के पहले हस्बैंड के तौर पर जाना जाता है। हालांकि, इस बात की भनक जब मिथुन की पत्नी योगिता बाली को हुई तब मिथुन ने श्रीदेवी संग रिश्ता खत्म करना ही बेहतर समझा।*

**'स्पाइडरमैन' के साथ बैठी नजर आईं जोया अख्तर : लॉस एंजिल्स।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें जोया एक सोफे पर बैठी हुईं हैं और उनके दोनों तरफ एंड्रयू और जैकब में सूट पहने नजर आ रहे हैं। तस्वीर में जोया एक प्रिंटेड काले रंग की ड्रेस पहनी हुई नजर आ रही हैं, जबकि एंड्रयू गारफील्ड ने एक हरे रंग की शर्ट, ब्लेजर और काले रंग की पैंट पहनी हुई है। वहीं, जैकब एलोर्डी ने सफेद शर्ट के साथ एक काला ब्लेजर और पैंट पहनी है। जोया की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। एक्स यूजर्स ने जोया के साथ दोनों सितारों को देख हैरानी और खुशी जाहिर की है।






# बाल ठाकरे के पोते तैयार हैं धमाका करने

**मुंबई।** शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की पॉलिटिकल लिगेसी को उनके बेटे उद्धव, पोते आदित्य और भतीजे राज ठाकरे आगे बढ़ा रहे हैं। लेकिन बाल ठाकरे का एक पोता है, जो अपना करियर पॉलिटिक्स में नहीं, बल्कि बॉलीवुड में बना रहा है। यह नाम ऐश्वर्य ठाकरे है और वह अगले साल 2025 में अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। ऐश्वर्य ठाकरे सोशल एक्टिविस्ट और फिल्म प्रोड्यूसर स्मिता के बेटे हैं। बाला साहेब के बेटे जयदेव और स्मिता के बीच शादी हुई थी, लेकिन 2004 में दोनों का तलाक हो गया। अब ऐश्वर्य ठाकरे बॉलीवुड में ग्रैंड एंट्री के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्हें कौन सा डायरेक्टर लॉन्च करने जा रहा है और फिल्म का क्या नाम होगा, इस पर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। भले ही अगले साल ऐश्वर्य की बॉलीवुड में एंट्री होने जा रही है। लेकिन वह सोशल मीडिया पर जाना पहचाना चेहरा बन चुके हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अपनी तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। ऐश्वर्य को बॉलीवुड में फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की फिल्म बाजीराव मस्तानी में उन्हें असिस्ट करने का मौका भी मिल चुका है। कॉलेज के समय से ही ऐश्वर्य एक्टिंग में करियर बनाना चाहते थे। उन्होंने कॉलेज और उसके बाद भी काफी थिएटर भी किया है।

BAJAJ FINSERV

### सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना

बजाज फाईनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी / आरटीजीएस / बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक / नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित / निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(12-12-24) रायपुर – पियांक टावर; PEN5GOL9168098, 9371492, 9444771, 9453610, 9484939. रायपुर – तेलीबंधा रोड; PF45GOL9206350, 9252731, 9347360, 9456173, 9490131, 9507063. (14-12-24) बिलासपुर–अग्रसेन चौक; PGJ8GOL9173565, 9257298, 9252092, 9282321, 9282413, 9319041, 9329490, 9359462, 9405014, 9403283, 9472727, 9487205, 9513987. बिलासपुर–सरकंडा; P42HGOL9174867, 9193818, 9301504, 9349981, 9345800, 9356608, 9385994, 9420332, 9430659, 9453105, 9475060, 9497463, 9501312, 9508412. (17-12-24) भिलाई – जीई रोड; PBX2GOL9206426, 9337563, 9361306, 9419271, 9456171. दुर्ग – स्टेशन रोड; P08IGOL9417332, 9427910. (18-12-24) कटघोरा; P25EGOL9216333, 9245678, 9245237, 9259740, 9272146, 9279422, 9277603, 9442695, 9475110, 9473335, 9483003, 9494484. कोरबा – सीएसईबी चौक: PEQ2GOL9214423, 9226060, 9299977, 9301341, 9302482, 9403454, 9431142, 9447312, 9443568, 9443031, 9455687, 9501987. (19-12-24) मनेन्द्रगढ़; PV99GOL9188374, 9204439, 9216088, 9277651, 9302581, 9321743, 9320833, 9389067. (20-12-24) राजनांदगाँव – जीई रोड; PEN6GOL9407014, 9455713.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

## नाना पाटेकर के सवाल से हैरान हुईं गायिका



**नई दिल्ली।** नाना पाटेकर ने उनसे पूछा, 'क्या तुम अंकज्योतिष में विश्वास करती हो?' इस प्रतियोगी ने सकारात्मक रूप से सिर हिलाया तो उन्होंने उससे पूछा, 'बताओ, इस प्रतियोगिता को कौन जीतेगा?' यह सवाल सुनकर प्रतियोगी थोड़ी हैरान हो गई और कुछ नहीं कह पाई। इसके बाद नाना पाटेकर ने उनसे कहा, 'अब मेरी उम्र का अनुमान लगाओ।' इस पर प्रतियोगी भ्रमित नजर आई और होस्ट आदित्य नारायण की ओर देखने लगी। फिर नाना पाटेकर ने मजाक करते हुए कहा, 'देख, तेरी न्यूमरोलॉजी है, वो बकवास है ना? तू बिना झिझक गा दे, यही सच है। बाकी छोड़ दे।' इस वीडियो पर सोशल मीडिया पर कई प्रतिक्रियाएं आईं। एक फैन ने लिखा, 'बेचारी, नाना जी के सवालों से वह तनाव में आ गई।' वहीं, एक अन्य ने सवाल करते हुए कहा, "इंडियन आइडल में थोड़ा ज्यादा रोस्टिंग नहीं हो रही?' नाना पाटेकर इंडियन आइडल 15 में अपनी आगामी फिल्म वनवास का प्रचार करने आए थे। इस फिल्म का निर्देशन गदर बनाने वाले अनिल शर्मा ने किया है। इसमें उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। वनवास 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत दिनों-दिन नई ऊंचाइयां छू रहा है। आने वाले वर्षों में एक के बाद एक अपने देश के कई महत्वपूर्ण और गगनयान जैसे महत्वाकांक्षी स्पेस प्रोजेक्ट्स को अंजाम दिया जाएगा। लेकिन इससे भी पहले अगले वर्ष की शुरुआत में भारत के दूसरे गगनयात्री स्पेस में जाने वाले हैं। कैसी होगी यह यात्रा, क्या है इसका महत्व, आप भी जानिए।

# गगनयान मिशन से पहले स्पेस में जाएगा गगनयात्री





गगनयान लॉन्चिंग रॉकेट एचएलवीएम 3



प्रस्तावित गगनयात्री शुभांशु शुक्ला (दाएं) के साथ प्रशांत बालकृष्ण नायर (वैकल्पिक)



स्पेस मिशन की तैयारी में जुटे वैज्ञानिक

**कवर स्टोरी**
**लोकमित्र गौतम**

अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत लगातार इतिहास रच रहा है। चंद्रयान-3 और आदित्य मिशन की सफलता के बाद इसरो ने छोटे सैटेलाइट लॉन्च करने के लिए एसएसएलवी-डी 3 का तीन बार सफल प्रक्षेपण करके, जहां सैटेलाइट लॉन्चिंग बाजार में खुद को एक बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है, वहीं आगामी मार्च-अप्रैल-2025 में कैप्टन राकेश शर्मा के बाद दूसरी बार अंतरिक्ष यात्रा के लिए किसी भारतीय के रूप में विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला अपने वैकल्पिक साथी ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्ण नायर के साथ अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिलहाल तो भारत ही नहीं, चीन और हमारे दूसरे अंतरिक्ष प्रतिद्वंद्वियों की नजरों में तो भारत का दूसरा अंतरिक्ष यात्री ही है, जो हमारे आगामी महत्वाकांक्षी मिशनों के लिए पूरी तैयारी के साथ अंतरिक्ष स्टेशन की रेकी करने के लिए जा रहा है।

**आगे हैं कई मिशन:** कुछ दिनों पहले इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने अपने एक इंटरव्यू में यह भी कहा है कि इसरो का अगला मून मिशन चंद्रयान-4 है, जो शिव शक्ति बिंदु से पृथ्वी पर चंद्रमा के कुछ महत्वपूर्ण नमूने लेकर आएगा। लेकिन इस अभियान का हमारा अंतिम शिखर तो गगनयान मिशन ही होगा, जिसमें भारत अपनी ही तकनीक और अपने ही राकेट से अपने चार गगनयात्रियों यानी एस्ट्रोनॉट्स को अंतरिक्ष में भेजेगा। इसके कुछ सालों बाद भारत का कोई अंतरिक्ष यात्री चांद की सरजमी पर भी उतरेगा।

हमारा आगामी एक मिशन 'जीवन' है, जो वास्तव में एक अनमैन क्रू मिशन होगा, जिसकी तैयारी लगभग हो चुकी है। इसमें व्योम मित्रा को एक्टिव मॉडल स्पेस ऑर्बिटल में भेजेंगे, साथ ही उसे वापस भी लाना है।

**नासा के साथ ज्वाइंट स्पेस प्रोजेक्ट:** वास्तव में आज इसरो और नासा के संयुक्त मिशन के तहत भारत का जो गगनयात्री या एस्ट्रोनॉट, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जा रहा है, उसके संबंध में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने काफी पहले संयुक्त घोषणा कर दी थी। इसके बाद ही दोनों देशों की स्पेस एजेंसियों ने इस पर काम करना शुरू किया था। कई महीनों की तैयारियों और प्रशिक्षण के बाद भारत की तरफ से इस अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए अंतिम रूप से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्ण नायर को चुना गया है, जिसमें पहली च्वाइस ग्रुप कैप्टन शुक्ला है। कोई अप्रत्याशित रुकावट होने पर कैप्टन नायर रिजर्व गगनयात्री होंगे। इन दो का चयन इस मिशन की सहायक और नासा द्वारा मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता कंपनी 'एक्सिओम स्पेस इंक' की मदद से किया गया है।

इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र ने, आईएसएस 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन', के लिए अपने चौथे मिशन में जुटी अमेरिका की एक्सिओम स्पेस इंक के साथ एक अंतरिक्ष उड़ान समझौता किया है। यही एक्सिओम स्पेस इंक इस मिशन को व्यावहारिक रूप से अमली जामा पहना रही है, यह इसका चौथा स्पेस मिशन है।

**इसलिए जा रहे हैं गगनयात्री:** जहां तक मौजूदा गगनयात्री मिशन की बात है तो इसके बारे में एस. सोमनाथ कहते हैं, 'आजकल अमेरिका में ज्यादातर अंतरिक्ष मिशन प्राइवेट एजेंसियों के जरिए ही अंजाम दिए जाते हैं। नासा इन एजेंसियों के जरिए ही अपने वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन में भेजता है, जिसके लिए इन एजेंसियों को भुगतान करना होता है। हम भी इस मिशन के लिए एजेंसी को अपने हिस्से का भुगतान कर रहे हैं।' हालांकि हमारे इस मिशन पर अतिरिक्त खर्च को लेकर कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं, इनका कहना है कि जब हमें जल्द ही अपने गगनयान मिशन को अंजाम देना है, तो फिर हम गगनयात्री मिशन के तहत भारतीय एस्ट्रोनॉट को किसी एजेंसी के माध्यम से क्यों भेज रहे हैं? इस पर इसरो चीफ कहते हैं, 'अभी हम उस उच्च तकनीकी की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी गगनयान मिशन पूरा हुआ नहीं है। ऐसे में क्या बुरा है कि हम कुछ पैसे खर्च करके अतिरिक्त कुशलता हासिल कर लें? गगनयात्री मिशन में जो एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहे हैं, उनके अनुभवों का हमें अपने मिशन में काफी फायदा होगा।' कुल मिलाकर देखें तो गगनयान मिशन के पहले हमारा गगनयात्री एक तरह से अपने मिशन को कुशलता से अंजाम देने के लिए रेकी करने के मिशन पर है।

**बहुत उपयोगी होगा यह मिशन:** यह गगनयात्री मिशन कोई टूरिस्ट मिशन नहीं होगा, यह वास्तव में एक साइंटिफिक मिशन होगा। इस बारे में डॉ. एस. सोमनाथ कहते हैं, 'यह एक साइंटिफिक मिशन होगा। इसलिए, इसकी ट्रेनिंग भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस मिशन के दौरान एक दो नहीं बल्कि 5 महत्वपूर्ण साइंटिफिक प्रयोग किए जाएंगे, जिनमें इसरो और नासा के ये एस्ट्रोनॉट भाग लेंगे। निःसंदेह इससे हमें अनुभव होगा कि वहां से कैसे एक्सपेरिमेंट करने हैं, जीरो ग्रेविटी में कैसे काम करना है और कैसे विपरीत स्थितियों से निपटना है। ये सभी महत्वपूर्ण जानकारियां हमें गगनयात्री मिशन से मिलेंगी, जिसका फायदा हमें अपने गगनयान अभियान में भी मिलेगा।' डॉक्टर सोमनाथ यह भी कहते हैं, 'चूंकि हमारे गगनयान मिशन की तैयारियां पिछले कई वर्षों से जोरों पर चल रही हैं, ऐसे में हमारे दो गगनयात्रियों को तीन महीने तक अमेरिका में जो गहन ट्रेनिंग मिल रही है, वह हमारे बहुत काम आएगी। हमारी कुशलता को यह ट्रेनिंग अतिरिक्त धार देगी।'



व्योम मित्र

लब्बोलुआब यह है कि गगनयात्री मिशन न केवल हमारे आने वाले बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण स्पेस मिशनों को अपने अनुभव से समृद्ध करेगा बल्कि यह अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। *

## भारत के पहले अंतरिक्षयात्री

**गौरतलब है कि** इससे पहले 3 अप्रैल, 1984 को भारत की तरफ से तब इतिहास रचा गया था, जब स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा ने सोवियत रूस के एक रॉकेट पर अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी और इस तरह वह भारत के पहले गगनयात्री बने थे। राकेश शर्मा सोवियत अंतरिक्ष स्टेशन पर 7 दिन और 21 घंटे तक रहे थे। अंतरिक्ष यात्री के रूप में उनका चयन रवीश मल्होत्रा के साथ हुआ था। मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस ने इन दोनों का चयन किया था कि उनमें से ही कोई एक हिंदुस्तान का पहला एस्ट्रोसनॉट बनेगा। अंत में राकेश शर्मा को देश के पहले अंतरिक्ष यात्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ।





अब टाटा समूह देश में ही बनाएगा बड़ा अत्याधुनिक सैन्य परिवहन विमान सी-295। किसी निजी क्षेत्र द्वारा की गई यह शुरुआत देश के पूरे वैमानिकी के परिदृश्य को बदल देगी। सी-295 के निर्माण से क्या-क्या बदलेगा, इसकी खूबियों, वर्तमान और भविष्य पर एक नजर।

# सी-295 से हुई शुरुआत विमान निर्माण में होगी क्रांति

**नई उपलब्धि**
**संजय श्रीवास्तव**

वर्ष 1960 में अपनी पहली उड़ान भरने और 1961 से भारतीय वायुसेना की सेवा में लगा ब्रिटेन और एचएएल निर्मित एवरो एचएस-748, अब धीरे-धीरे विदा लेगा। उसकी जगह ले रहा है, एयरबस का सी-295। अब गुजरात के वडोदरा में सी-295 विमान बनाने के लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड या टीएएसएल का प्लांट शुरू हो गया है। फिलहाल यह संयंत्र एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी के सहयोग से ऐसे 40 विमान बनाएगा।



**2022 में हुई शुरुआत:** वास्तव में वर्ष 2012 में रतन टाटा ने इस दूरदर्शी परियोजना की परिकल्पना की थी। यह फलीभूत तब हुई, जब भारत सरकार ने सितंबर 2021 में स्पेन के साथ 56 सैन्य परिवहन विमान सी-295 खरीदने का सौदा 21,935 करोड़ रुपए में किया। तय हुआ था कि 16 विमान स्पेन के सेवले स्थित एयरबस कंपनी हमें उड़ने के लिए तैयार हालत में देगी और बाकी 40 हम उसके सहयोग से खुद बनाएंगे। 2022 के अक्टूबर में इसके निर्माण हेतु इस संयंत्र की नींव पड़ी। अब प्रधानमंत्री के उद्घाटन के बाद जब रतन टाटा नहीं हैं, नोएल टाटा के नेतृत्व में कंपनी देश में निजी क्षेत्र के पहला समूचा और अति उन्नत कार्गो हवाई जहाज बनाने के लिए कमर कस चुकी है। टीएएसएल अगस्त 2031 की आखिर तक वायुसेना को सभी 40 विमान बनाकर सौंप देगा। इसके बाद 25 वर्षों तक भारतीय वायुसेना के इन विमानों की देखरेख का ठेका भी उसी ने ले रखा है।


**देश का बढ़ेगा वर्चस्व:** टीएएसएल और एयरबस मिलकर देश में कई तरह के विमान बनाएंगे। इनमें युद्धक, मालवाहक और यात्री विमान शामिल होंगे। इससे विमान निर्माण के क्षेत्र में बनने वाला परिदृश्य साबित करेगा कि मेक इन इंडिया के साथ 'मेड फॉर द ग्लोब' और आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर हम तेजी से बढ़ चले हैं। जल्द ही यूरोपीय और अमेरिकी वर्चस्व वाले एयरोस्पेस मार्केट में भारत का दखल बढ़ेगा। विदेश से आयात पर निर्भरता कम होगी और देश में निर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलेगा तो भविष्य में यहां से विमानों के निर्यात के अवसर बनेंगे। रक्षा निर्यात में भारत की स्थिति और मजबूत बनेगी। दुनिया की बड़ी विमान कंपनियों के लिए हमारे देश कलपुर्जे बनते ही हैं पर इस नए विमान सी-295 के लिए 18 हजार कलपुर्जे यहीं बनेंगे और आगे चलकर घरेलू मांग बढ़ेगी तो नए कौशल और नए छोटे, मंझोले उद्योगों को फायदा पहुंचेगा। टाटा कंसोर्टियम ने सात राज्यों से काम कर रहे सवा सौ से अधिक इन-कंट्री एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं को काम देने का जो फैसला किया है, वह देश के एयरोस्पेस के क्षेत्र में रोजगार बढ़ाएगा। यह संयंत्र ही 3000 से अधिक लोगों को नौकरी देने वाला है तो, 15,000 से ज्यादा अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।

**सी-295 विमान की खासियतें:** सी-295 के नाम में 'सी' स्पेनिश कंपनी कासा यानी सीएएसए का पहला अक्षर है। यह अब एयरबस में विलय हो चुकी है। '2' बताता है इसमें दो इंजन हैं और '95' उसकी भार वहन क्षमता दर्शाता है। 90 के दशक में यह विकसित हुआ था। 28 नवंबर 1997 को इसने पहली उड़ान भरी थी। विमान की लंबाई 80.3 फीट, डैनों का विस्तार 84.8 फीट, ऊंचाई 28.5 फीट है। क्रू केबिन में टचस्क्रीन कंट्रोल के साथ स्मार्ट कंट्रोल सिस्टम है। यह महज 320 मीटर की दूरी में टेक-ऑफ और 670 मीटर की दूरी में लैंडिंग कर सकता है। यह एक बार में 71 सैनिक या 9 टन वजन के साथ 482 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से लगातार 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। दो प्रैट एंड व्हिटनी टर्पोप्रॉप इंजन के सहारे यह 30 हजार फीट तक ऊंचाई पर जा सकता है। डैनों के नीचे 6 ऐसी जगहें हैं, जहां हथियार और बचाव प्रणाली लगाई जा सके। इसके इनबोर्ड पाइलांस में 800 किलो के हथियार लगा सकते हैं। ऑटो रिवर्स क्षमता के चलते यह 12 मीटर चौड़े रनवे पर 180 डिग्री तक मुड़ सकता है। यानी इसकी खूबियां बेमिसाल हैं। *

## माना जा रहा है गेम चेंजर

**फिनलैंड, पोलैंड** की बर्फीली ठंड हो या अल्जीरिया और जॉर्डन का तपता रेगिस्तान, ब्राजील के जंगल हों या कोलंबिया के पहाड़, सी-295 विमान हर चुनौतीपूर्ण वातावरण में कामयाबी से काम करता है। स्पेन, इंडोनेशिया, इराक, मिस्र और अफगानिस्तान जैसे 37 देश इसे आजमा चुके हैं। इसका 'मेड इन इंडिया' और बहुउद्देशीय होना गेम चेंजर साबित होगा। हर मौसम में, रात दिन कभी भी, हर कंडीशन में विश्वसनीय सी-295, सामरिक परिवहन विमान अपनी भूमिका निभा सकता है। यह सैन्य अभियानों के दौरान भार वहन के अलावा भूकंप, बाढ़, तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी इस्तेमाल हो सकता है। 24 स्ट्रेचर और सात मेडिकल अटेंडेंट ले जाने की सुविधा के साथ यह फ्लाइंग मेडिकल क्लीनिक के तौर पर काम कर सकता है तो साथ ही 7,000 लीटर पानी के साथ उड़ान में सक्षमता के चलते जंगल की आग बुझाने के लिए एक कुशल फायर फाइटर का रोल भी निभा लेता है। यही नहीं इसे कच्चे रनवे से भी उड़ाया और उतारा जा सकता है। इसके अलावा यह विमान सुरक्षित पैराशूट ड्रॉप के लिए आवश्यक प्रावधानों से लैस है, जिसके जरिए सैनिकों और हथियारों को दुर्गम स्थानों पर आसानी से और तेजी से पहुंचाया जा सकता है। इसलिए हवाई हमले और विशेष बलों के मूवमेंट के लिए यह अत्यधिक उपयोगी है। समुद्री सीमा पर निगरानी के लिए भी यह आदर्श विमान है। सी-295 भारतीय रक्षा बलों के लिए बहुत उपयोगी है। इसीलिए इसे गेम चेंजर कहा जा रहा है।

**गजल**
**अवतार सिंह अक्षरजीवी**



खुद से झूठ बोलकर मैंने खुद को बहला रखा है
तुम अब मेरी नहीं ये सच दिल से छुपा रखा है
तुम्हारी बेवफाई की बात मैं कबूल नहीं करता
तुम मिलने आओगी, ऐसा दिल को बता रखा है
तेरे न होने पर भी मेरा दिल लग जाता है क्योंकि
तेरी तस्वीरें लगाकर मैंने दिल को सजा रखा है
तेरे पैरों में जंजीर हो तो वो अलग बात है बाकी
मैंने दिल के दरवाजे को तेरे लिए खुला रखा है
ये भी अच्छा है कि दिल की आंखें नहीं होतीं
कुछ और देखकर कुछ और उसे समझा रखा है
न साफ करने देता है, न किसी को बेचने देता है
तेरी यादों का कबाड़ दिल में बहुत-सा रखा है

**कहानी / शोभा रानी गोयल**

घर के बड़े बेटे की पत्नी होने का यह मतलब नहीं है कि वह अपनी खुशियों को मार दे। बस वह और उसका पति ही घर की सारी जिम्मेदारी उठाएं, दूसरों की कोई जिम्मेदारी नहीं है। ऐसे ही पीड़ा को जीती एक पत्नी की व्यथा कथा।

# बड़ा बेटा



कोमल सुबह से सजने-संवरने में लगी हुई थी। आज एक लड़का उसे देखने आने वाला है। मां सुबह से ही नाश्ते-खाने के प्रबंध में और पिता अन्य व्यवस्थाओं में जुटे थे। दादी ने कोमल को बताया, 'राघव घर का बड़ा बेटा है। उससे छोटी दो बहनें और एक भाई है। हालांकि वह सरकारी नौकरी में है, लेकिन उस पर जिम्मेदारी ज्यादा रहेगी। जिम्मेदार लोग अपने परिवार को खुश रखते हैं। तुम अपने ससुराल में बहुत खुश रहोगी।'

मन ही मन इतराती कोमल राघव के सपने देखने लगी। उसने सबसे सुंदर सूट पहना। गले में पतली चेन और हाथ में घड़ी पहन ली। उसकी सादगी उसके सौंदर्य पर चार चांद लगा रही थी।

राघव और कोमल ने एक-दूसरे को पहली नजर में ही पसंद कर लिया। सारी बातें तय होने पर चट मंगनी, पट ब्याह की तैयारी शुरू हो गई। सगाई और शादी के बीच महज दस दिन का फासला था। इस अंतराल में राघव और कोमल दोनों केवल एक दिन मिले। उस दिन राघव ने कोमल से कहा, 'मैं घर का बड़ा बेटा हूं, मुझे कई सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना रहेगा। कोमल तुम्हें मेरा साथ देना होगा।'

विवाह के रंगीन सपने सजाती कोमल ने पलकें झपका कर खुशी-खुशी मौन स्वीकृति दे दी। विवाह के बाद विदाई के समय मां ने समझाया, 'घर की बड़ी बहू होने के कारण तुम्हें कई सारी जिम्मेदारियां वहन करनी होंगी। राघव के साथ कदम-दर-कदम साथ देना होगा। उसे कोई शिकायत का मौका नहीं देना।' मां की बात पल्लू में बांधकर कोमल ससुराल आ गई।

गृह प्रवेश के समय उसकी ननद रजनी का कोई प्रेम पत्र बुआ सास के हाथ लग गया। उन्होंने घर में हंगामा खड़ा कर दिया। जैसे-तैसे नई बहू की गृह प्रवेश की रस्म संपन्न हुई। आगे के नेगचार राघव ने बेमन से निभाए।

पहली रात जहां नवयौवना के सपने अंगड़ाई लेते हैं, वहीं पर कोमल के पास पति की जगह घर का बड़ा बेटा बैठा था, जो अपने परिवार की इज्जत बचाने की चिंता में डूबा था। वह कसमसा कर रह गई। कुछ ही महीनों बाद घर खर्च में हाथ बंटाने के लिए कोमल ने एक प्राइवेट स्कूल में नौकरी कर ली। राघव के पिताजी ने एक दिन ऐलान कर दिया, 'मेरी पेंशन से घर खर्च भी पूरा नहीं होता, तुम अपने बहन-भाई की पढ़ाई का जिम्मा उठाओ।'

राघव की तनख्वाह भी कहां ज्यादा थी। सरकारी क्लर्क की पगार होती ही कितनी है। उसकी लगभग तीन चौथाई सैलरी ननद-देवर की पढ़ाई में लग जाती। कोमल छोटी-छोटी इच्छाओं के लिए तरस कर रह जाती।

कोमल की भी तनख्वाह कभी बुआ सास के भात जमाने में लग जाती तो कभी घर में अचानक जरूरी खर्च सामने आकर खड़े होते। परिवार बड़ा था, अतिरिक्त खर्चे, शादी-ब्याह, हारी-बीमारी भी साथ लगी रहती। नाते-रिश्तेदार कहते, 'राघव घर का बड़ा बेटा है, उसे तो ये सब करना ही पड़ेगा। अगर वह नहीं करेगा तो कौन करेगा। अभी तो आकाश छोटा है।'

कोमल सबकी सुनती और मन मसोस कर रह जाती। वह अपनी सहेलियों को देखती, जो आए दिन पिकनिक पर जातीं। किटी पार्टी का लुत्फ उठातीं। नित नए परिधान खरीदतीं। वहीं कोमल साल में एक साड़ी भी खरीद ले तो वही बहुत था। मूवी और पिकनिक के बारे में वह सोच भी नहीं सकती थी। उसका हाथ हमेशा तंग ही रहता।

दस साल के समय चक्र के साथ दोनों ननदों की पढ़ाई पूरी होते ही वे अपने घर की हो गईं। दोनों बहनों की शादी में राघव को लोन लेना पड़ा। वहीं कोमल को भी परिवार की इज्जत की खातिर अपने गले की चेन और एक अंगूठी बेचनी पड़ी।

अब उसे अपनी बेटी आन्या की फिक्र होने लगी थी। उसकी बेटी के एक अच्छे स्कूल में एडमिशन की ख्वाहिश पूरी न हो सकी। राघव की काफी सैलरी लोन की किश्त में चली जाती। थोड़ी बहुत बचती, वह घर खर्च में पूरी हो जाती। अब तो ननदों के भात-जमाने का भी सिलसिला शुरू हो गया था।

कोमल ने कभी अपने लिए कुछ नहीं कहा, लेकिन आन्या के लिए उसने राघव से बात की। राघव ने कोमल को समझाया, 'थोड़े दिन की बात है। कुछ दिन बाद छोटे भाई आकाश की पढ़ाई पूरी हो जाएगी। नौकरी लगते ही वह घर संभाल लेगा फिर हम दोनों फ्री...।'

लेकिन ऐसा हुआ कहां...। आकाश की नौकरी सरकारी महकमे में ऊंचे पद पर लग गई। उसने अपनी पसंद की शादी भी कर ली। शादी के तुरंत बाद वह दूसरे शहर में पत्नी को लेकर शिफ्ट हो गया।

इधर सासू मां ने बिस्तर पकड़ लिया और ससुर जी को हार्ट अटैक आ गया। घर और बाहर की भागदौड़ में कोमल और राघव अपनी सुध-बुध खो बैठे। आकाश को घर के हालात से जब अवगत करवाया और मां-बाप की देखभाल करने को कहा तो उसने दो टूक जवाब दे दिया, 'मैं इतनी दूर से क्या कर सकता हूं? आप घर के बड़े हैं, माता-पिता आपकी जिम्मेदारी हैं। आप ही उन्हें बेहतर संभाल सकते हैं। वैसे भी मेरी नई नौकरी है, अभी मेरे लिए कुछ भी संभव नहीं।' राघव घर का बड़ा बेटा था, उसने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। वह एक अच्छा बेटा साबित हुआ, खुद राघव भी बड़े बेटे की छवि से कभी बाहर नहीं निकला, उसने बिना उफ किए अपनी सारी जिम्मेदारी निभाई। लेकिन कोमल अकसर सोचती, उसे इस शादी से मिला क्या? पति के रूप में घर का बड़ा बेटा... मेरे अरमानों का क्या... सगाई से लेकर आज तक वह एक ही बात सुनती आई है, 'राघव घर का बड़ा बेटा है।' कोमल घर के बड़े बेटे में अपने पति को तलाशती रही कि वह कभी तो दो पल उसके पास बैठे, उससे अपनी कुछ कहे, एक पति की जिम्मेदारी निभाए। घर के बड़े बेटे के पास इन सबके लिए वक्त ही नहीं...। कोमल के पास खुद का कहने को एक कंधा भी नहीं...।

कोमल समझ चुकी थी कि एक के बाद एक नई जिम्मेदारी निभाने के चक्कर में राघव कभी उसका पति नहीं बन पाएगा, लेकिन वह इस बड़े बेटे की शिकायत करे तो कहां करे? *

# तरकश

-संजय के. दीक्षित

## मंत्रियों का बंगला उत्सव

नया रायपुर में मंत्रियों के सरकारी बंगले में इन दिनों प्रवेश का उत्सव चल रहा है। शक्ति प्रदर्शन जैसा जलसा और तामझाम के साथ मंत्री नए बंगले में प्रवेश कर रहे हैं। हालांकि, मंत्रियों के नए घरों को बंगला कहना थोड़ा कम आंकना होगा। तीन-तीन, चार-चार एकड़ में पसरे कोठियों को देख खुद मंत्री भी स्तब्ध हैं। किसी मंत्री ने सोचा नहीं होगा कि राजनीति में ऐसा कोठी सुख उन्हें मिलेगा। आखिर, दिल्ली में बड़े केंद्रीय मंत्रियों के भी इतने आलीशान घर नहीं होते। ऐसे में, कई बार मंत्रियों के मुंह से थैंक्स भूपेश जी निकल जाता होगा। भूपेश सरकार ने ही इन बंगलों का निर्माण कराया था। उनकी सरकार में इसका काम कंप्लीट भी हो गया था। मगर भविष्य को कौन जानता है। अजीत जोगी की तरह भूपेश बघेल भी नहीं जानते थे उनकी सरकार दोबारा नहीं लौटेगी। न ही बीजेपी को पता था कि उनकी वापसी हो रही है। अगर ऐसा है तो फिर बंगला उत्सव क्यों? वक्त का क्या भरोसा...अगले चुनाव में कई मंत्री दोबारा इस कोठी में लौटने लायक बचेंगे या नहीं? मंत्रियों को मुख्यमंत्री से सीखना चाहिए...उन्होंने दो-चार फाइलें कर नए हाउस में प्रवेश कर लिया था। वैसे भी मोदी युग में काम का उत्सव मनाना चाहिए न कि बंगले का...जिसका कोई भरोसा नहीं। एक साल में किसी मंत्री ने कोई अहम काम किया हो, उसका यदि मंत्री जश्न मनाते तो बात कुछ और होती।

## छत्तीसगढ़िया चीफ सिकरेट्री

अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ के चीफ सिकरेट्री के तौर पर चार साल पूरे कर लिए हैं। राज्य बनने के बाद 24 साल में फोर ईयर क्लब में शामिल होने वाले अमिताभ फर्स्ट चीफ सिकरेट्री हैं। उनके पहिले विवेक ढांड 48 दिन से इस क्लब में शामिल होने से चूक गए थे। खास बात यह है कि तीन साल से अधिक चीफ सिकरेट्री रहने वालों में तीन में से छत्तीसगढ़ के दो आईएएस शामिल हैं। जाहिर है, विवेक और अमिताभ, दोनों माटी पुत्र हैं। मगर इसके बाद युगों युग तक कोई छत्तीसगढ़ियां चीफ सिकरेट्री नहीं बनने वाला। अमिताभ के 1989 में आईएएस में सलेक्ट होने के 16 साल बाद 2005 में ओपी चौधरी आईएएस बने थे। ओपी ने 2018 में आईएएस की नौकरी छोड़ दी...वे अब सरकार में मंत्री हैं। उनके बाद के छत्तीसगढ़ियां आईएएस काफी जूनियर हैं। मसलन, शिखा तिवारी 2007 बैच, किरण कौशल 2009 बैच, रानू साहू 2010 बैच। रीतेश अग्रवाल और विनीत नंदनवार 2012 और 2013 बैच के हैं। मतलब दिल्ली अभी दूर है। चीफ सिकरेट्री से एक पायदान नीचे एसीएस तक पहुंचते-पहुंचते क्या होगा, इसका कोई भरोसा नहीं। बहरहाल, इसका जिक्र लाजिमी है कि अभी तक छत्तीसगढ़ होम कैडर के तीन आईएएस चीफ सिकरेट्री बने हैं। विवेक ढांड, अजय सिंह और अमिताभ जैन। विवेक को अजय ने रिप्लेस किया था। अजय सिंह 11 महीने सीएस रहे। कांग्रेस सरकार ने उनकी जगह सुनील कुजूर को सीएस बनाया था।

## सिर्फ अमित अग्रवाल

अमिताभ जैन के चीफ सिकरेट्री का रिकार्ड सिर्फ अमित अग्रवाल तोड़ सकते हैं। 93 बैच के अमित का जून 2030 में रिटायरमेंट है। अगर वे सीएस बनाए गए तो पूरे पांच साल इस पद पर रहेंगे। हालांकि, अमित अभी यहां हैं नहीं। वे डेपुटेशन पर भारत सरकार में हैं। बहरहाल, इस समय सीएस के एलिजिबल जो आईएएस हैं, उनमें रेणु पिल्ले और सुब्रत साहू 2028 में रिटायर हो जाएंगे। याने इनके पास तीन साल ही बचेगा। ऋचा शर्मा, निधि छिब्बर, विकास शील और मनोज पिंगुआ 1994 बैच के आईएएस हैं। इनमें ऋचा मार्च 2029, निधि और विकास जून 2019 और मनोज अगस्त 2029 में रिटायर होंगे। इनमें निधि, विकास और मनोज चार साल के क्लब में शामिल जरूर हो सकते हैं मगर चार साल सात महीने का रिकार्ड नहीं तोड़ पाएंगे। मनोज अगर जून 25 में सीएस बन गए तो चार साल तीन महीने का कार्यकाल उनका अवश्य हो जाएगा। कुल मिलाकर अमिताभ को अमित अग्रवाल से ही खतरा रहेगा। मगर इंपॉर्टेंट यह भी है कि अमित जैसे टेंपरामेंट के अफसर इतने लंबे समय तक किसी स्टेट के सीएस रह सकते हैं क्या?

## निर्वाचन आयुक्त की पोस्टिंग-1

रिटायर आईएएस सुनील कुजूर की सहकारिता निर्वाचन की पारी खतम हो गई है। पिछले महीने अक्टूबर में उम्र 65 साल हो जाने की वजह से वे रिटायर हो गए। सुनील को विष्णुदेव साय सरकार ने लोकसभा चुनाव के बाद एक साल का एक्सटेंशन दिया था। मगर 65 के हो जाने के कारण टाईम से पहले उनका टेन्योर पूरा हो गया। सुनील को 2019 में गणेश शंकर मिश्रा को हटाकर सहकारिता निर्वाचन आयुक्त बनाया गया था। बता दें, रमन सरकार ने आईएएस से रिटायर होने के बाद गणेश शंकर मिश्रा को इस पद पर बिठाया था। राज्य निर्वाचन आयुक्त की तरह सहकारिता निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल छह साल निर्धारित किया गया। मगर फर्स्ट कमिश्नर गणेश शंकर का हार्ड लक रहा।

## निर्वाचन आयुक्त की पोस्टिंग-2

जाहिर है, पिछली सरकार का गणेश शंकर मिश्रा के साथ विशेष अनुराग था। सो, उन्हें हटाने के लिए सरकार ने नियम बदलकर सहकारिता निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल छह साल से घटाकर दो साल कर दिया था। इसके बाद एक-एक साल एक्सटेंशन का प्रावधान किया गया। इसका नुकसान सुनील कुजूर को भी उठाना पड़ा। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता की वजह से उनका एक्सटेंशन दो महीना अटक गया। बहरहाल, देखना है विष्णुदेव सरकार नियम बदलकर फिर से कार्यकाल बढ़ाती है या फिर वर्तमान व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए पोस्टिंग करेगी। अगर छह साल हो गया तो इस रिटायर आईएएस पुनर्वास केंद्र का क्रेज थोड़ा बढ़ा जाएगा...लोग आना भी चाहेंगे।

## सचिवों का बदलेगा प्रभार?

छत्तीसगढ़ में सचिवों की एक ट्रांसफर लिस्ट निकल सकती है। वो इसलिए क्योंकि आईएएस अमित कटारिया केंद्र से लौट चुके हैं। भले ही ज्वाईन करने के बाद वे दिल्ली चले जा रहे मगर उन्हें कोई-न-कोई पोस्टिंग मिलेगी ही। वैसे चर्चा हेल्थ की ज्यादा है। हेल्थ इस समय एसीएस मनोज पिंगुआ के पास है। उनके पास लंबे समय से गृह और जेल भी है। सरकार अगर गृह और जेल बदलने पर विचार कर रही है। अगर गृह और जेल भी बदला तो हो सकता है कि लिस्ट थोड़ी लंबी हो जाए। याने दोनों हो सकता है...अमित कटारिया का सिंगल आदेश निकल जाए या फिर हेल्थ के साथ ही गृह और जेल बदला तो फिर लिस्ट थोड़ी बड़ी हो जाएगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा का उपचुनाव पूरा हो जाने के बाद सीईओ रीना बाबा कंगाले भी अब मंत्रालय लौटेंगी! चुनाव आयोग की अनुमति से पहले भी सीईओ को विभागों की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जाती रही है। हो सकता है कि उन्हें कोई विभाग मिल जाए।

## एसपी की लिस्ट

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के पहले से सूबे में कई पुलिस अधीक्षकों के बदले जाने की चर्चाएं बड़ी तेज थी। फिर हुआ...आचार संहिता के बाद होगा। मगर अब खबर है...नगरीय और पंचायत चुनाव के बाद ही बड़े स्तर पर एसपी में बदलाव किया जाएगा। पुलिस अधीक्षकों को मैसेज भी हो गया है कि जो होगा, अब दो महीने बाद ही होगा। इसलिए, एसपी साब लोग अब एकाग्र होकर काम में जुट गए हैं। दरअसल, लोकल और पंचायत चुनाव तक सरकार नहीं चाहती कि सिस्टम में कोई बड़ी उठापटक हो, जिसका असर चुनाव पर पड़े।

## कलेक्टर का नायाब अंदाज

एक कलेक्टर ने बढ़ियां तरीका निकाला है। जैसे ही घड़ी का कांटा शाम सात को क्रॉस करता है वे बंगले से फोन लगवाते हैं...बुलाओ फलां अफसर को। कोई अफसर यदि यह बताने फोन लगा दिया कि सर, मैं कहीं आ गया हूं, एकाध घंटा लग जाएगा तो उसमें भी कोई मरौव्वत नहीं...ठीक है तुम नौ बजे आओ, लेकिन आओ। अफसर के पहुंचते ही कलेक्टर की एकतरफा फायरिंग शुरू हो जाती है...तुम्हारी शिकायतें बहुत आ रही है...तुमने इसमें एक करोड़ का गड़बड़ किया है....तो तुमने इतने का। यह क्रम दो-एक बार चलता है। तीसरे बार अफसर लिफाफा लेकर पहुंच जाता है। इसके बाद कलेक्टर का उद्देश्य पूरा और अफसर भी सुरक्षित। अच्छा आइडिया है।

## अंत में दो सवाल आपसे

*1. छत्तीसगढ़ की ध्वस्त हो चुकी मशीनरी कब तक लौटेगी पटरी पर?*

*2. पीएचक्यू ने सिपाहियों को इंटर रेंज ट्रांसफर करते हुए उनके होम डिस्ट्रिक्ट में भेजना प्रारंभ कर दिया है तो फिर अच्छी पोलिसिंग और लॉ एंड आर्डर की बातें क्यों?*

---

### अमेरिका से भारतीयों छात्रों और कर्मचारियों को लगा बड़ा झटका

# 20 जनवरी से पहले लौटना होगा उनको ट्रंप के शपथ लेने से पहले आदेश जारी

*इंटरनेशनल एजुकेशनल एक्सचेंज पर ओपन डोर्स रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में 11 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं। वर्तमान में 4 लाख से अधिक ऐसे छात्र वर्तमान में अमेरिकी उच्च शिक्षा में नामांकित हैं, जो बिना उचित दस्तावेज के यहां रह रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के उच्च शिक्षण संस्थानों ने विदेशी छात्रों और कर्मचारियों को 20 जनवरी से पहले शीतकालीन अवकाश से लौटने की सलाह दी है। इस दिन डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एमआइटी) सहित अन्य विश्वविद्यालयों की ओर से यह सलाह ट्रंप प्रशासन की ओर से अवैध अप्रवासियों के बड़े पैमाने पर निर्वासन की चर्चा के कारण सामने आई है। अनुमान है कि देश में एक करोड़ से अधिक अवैध अप्रवासी हैं। ग्लोबल अफेयर्स ऑफिस की ट्रैवल एडवाइजरी में कहा गया है कि यह सलाह पूरी सावधानी बरतते हुए दी जा रही है, क्योंकि नया राष्ट्रपति प्रशासन अपने कार्यकाल के पहले दिन ही नई नीतियां लागू कर सकता है। जैसा कि 2017 में हुआ था। ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में (2017 में) कई देशों के लोगों पर ट्रैवल बैन लगाया था।

**01** अमेरिका में एक करोड़ से अधिक अवैध अप्रवासी

**02** अमेरिका में 3.38 लाख से ज्यादा भारतीय पढ़ रहे



### भारतीयों को सबसे ज्यादा नुकसान

*इंटरनेशनल एजुकेशनल एक्सचेंज पर ओपन डोर्स 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में 11 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं। इनमें 331,602 भारतीय छात्रों ने अमेरिकी संस्थानों में दाखिला लिया, जो पिछले साल की तुलना में 23 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि को दर्शाता है। हायर एड इमिग्रेशन पोर्टल का अनुमान है कि वर्तमान में 4 लाख से अधिक ऐसे छात्र वर्तमान में अमेरिकी उच्च शिक्षा में नामांकित हैं, जो बिना उचित दस्तावेज के यहां रह रहे हैं। 2023-2024 में चीन को पीछे छोड़कर अंतरराष्ट्रीय छात्रों के मामले में भारत पहले नंबर पर आ गया है।*

### वैध एफ वीजा वाले नहीं होंगे प्रभावित

एमआइटी की ओर से कहा गया कि जिनके पास वैध एफ वीजा है, उनके ट्रंप प्रशासन द्वारा किसी भी वीजा प्रतिबंध से प्रभावित होने की संभावना नहीं है। साथ ही बिना दस्तावेज वाले छात्रों के विदेश यात्रा की संभावना नहीं है। 2017 के ट्रंप प्रशासन के अनुभव को देखते हुए यह सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। ट्रंप प्रशासन ने 27 जनवरी 2017 को एक कार्यकारी आदेश जारी कर सात बहुसंख्यक मुस्लिम देशों के अप्रवासियों और गैर-आप्रवासी यात्रियों को 90 दिनों के लिए अमेरिका में प्रवेश से रोक दिया गया था।

### यूनिवर्सिटी ने छात्रों को दिया मार्गदर्शन

वेस्लेयन यूनिवर्सिटी बताया कि यूनिवर्सिटी के अंतरराष्ट्रीय छात्र मामलों के कार्यालय ने अपने छात्रों को इसी तरह का मार्गदर्शन जारी किया था। कथित तौर पर कार्यालय से एक ईमेल में लिखा था कि देश में फिर से वापस आने में कठिनाई से बचने का सबसे सुरक्षित तरीका 19 जनवरी और उसके बाद के दिनों में अमेरिका में मौजूद रहना है।

### नीतियां कर सकती हैं प्रभावित

मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के एसोसिएट डीन डेविड एल्वेल ने वीजा प्रक्रिया में संभावित देरी और नई नीतियों के लागू होने पर अमेरिका से बाहर रहने से जुड़े जोखिमों की चेतावनी दी। उन्होंने हाल ही में एक पोस्ट में लिखा कि हर चुनाव के साथ, नीतियों, विनियमों और कानून में बदलाव हो सकते हैं जो उच्च शिक्षा के साथ-साथ इमिग्रेशन और वीजा स्टेटस के मामलों को प्रभावित करते हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश, मौलवी गिरफ्तार

**संभल।** संभल जिले के गुन्नौर थाना इलाके में एक मस्जिद में 13 वर्ष की नाबालिग लड़की के साथ मौलवी और उसके नाबालिग भाई ने कथित तौर पर दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मौलवी को गिरफ्तार कर लिया गया है और नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया गया है। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि थाना गुन्नौर के मोहल्ला फजल में शुक्रवार को 13 वर्षीय लड़की को मौलवी साजिद और उसका नाबालिग भाई बहला फुसला कर स्थानीय मस्जिद में ले गए जहां उसके साथ कथित रूप से दुष्कर्म का प्रयास किया। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता को तीन घंटे मस्जिद में बंद करके रखा और जब लड़की की तलाश शुरू हुई तो मोहल्ले के लोगों के साथ पुलिस ने मस्जिद से लड़की को बरामद किया।

---

■ विपक्ष लगातार कर रहा था तारीख बढ़ाने की मांग

### 2025 में बजट सत्र की आखिरी तारीख में आएगा

## शीत सत्र में नहीं पेश होगी वक्फ पर जेपीसी की रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भुवनेश्वर से भाजपा सांसद और वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सदस्य अपराजिता सारंगी ने कहा कि जेपीसी के अध्यक्ष ने रिपोर्ट पेश करने की तारीख को 2025 में बजट सत्र की आखिरी तारीख तक बढ़ाने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि हर बार जेपीसी वक्फ संशोधन विधेयक पर बैठक करती है और विपक्षी नेता हंगामा करते हैं। सारंगी ने कहा कि वे किसी भी तरह के तर्क या बहस से भागते हैं। सरकार के पास हर तरह के संशोधन के लिए एक कारण होता है। विपक्षी नेता केवल प्रस्तुति की तारीख में विस्तार चाहते थे। उन्होंने कहा कि जब भी वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी बैठती है और




विपक्ष के नेता हंगामा करते हैं, शोर शराबा करते हैं। सरकार ने जो 44 संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इस पर किसी भी तरह की रचनात्मक आलोचना से भागते हैं और जहां तक सरकार का सवाल है, सरकार हर एक प्रस्तावित संशोधन के भविष्य में कारण से खड़ी है।

### विपक्ष ने तीन बार किया वॉकआउट

*सारंगी ने कहा कि मिनिस्ट्री ऑफ माइनॉरिटी अफेयर्स ऐसा बिल किसी कारण से उपस्थापित किया है, लेकिन यह लोग भागते हैं। पिछली बार जब हंगामा हुआ तो विपक्षी नेता वॉकआउट कर गए। एक बार नहीं दो बार नहीं तीन बार उन्होंने वॉकआउट किया। उसके बाद हम जैसे लोग, जो रूलिंग पार्टी के सदस्य हैं, उनको वापस लेकर आए, लेकिन उनका बस एक ही मकसद था कि इसकी डेट बढ़ाई जाए। इसके बाद काफी देर तक आलोचना हुई, काफी देर तक विवाद हुआ और जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट की पेशकश की तारीख को 2025 में बजट सत्र की आखिरी तारीख तक बढ़ाने का निर्णय लिया।*



### तिरुपति मंदिर में राजनीतिक भाषण दिया तो होगी कानूनी कार्रवाई

**तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने तिरुपति मंदिर (वेंकटेश्वर मंदिर) में राजनीतिक और नफरत फैलाने वाले भाषणों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय मंदिर की पवित्रता और आध्यात्मिक शांति को बनाए रखने के लिए लिया गया है। तिरुपति मंदिर में प्रतिदिन औसतन 60,000 श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर प्रबंधन ने यह प्रतिबंध राजनीतिक दलों के नेताओं सहित कुछ लोगों द्वारा मंदिर के दिव्य वातावरण को बिगाड़ने वाले बयान दिए जाने के बाद लगाया है। इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। मंदिर प्रबंधन ने कहा, हमेशा गोविंदा के नाम से गुंजायमान रहने वाले पवित्र तिरुमाला दिव्य मंदिर में राजनीति बर्दाश्त नहीं होगी।

## पीओके में रहकर दहशत फैलाने वाले 7 आतंकियों की संपत्ति जब्त

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंक पर कड़ा प्रहार किया. पुलिस ने कोर्ट के निर्देश के बाद किश्तवाड़ जिले में सात आतंकियों की संपत्तियों को जब्त कर लिया।

जिन आतंकियों की संपत्ति जब्त की गई वो सभी पाकिस्तान के कब्जे वाले पाक अधिकृत कश्मीर में छिपे हुए हैं। एनआईए की विशेष अदालत के निर्देश के बाद पुलिस ने राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में आतंकियों की संपत्ति जब्त कर ली। बता दें कि यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के इकोसिस्टम को खत्म करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, जो कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की प्राथमिकता है।

### पाकिस्तान से करते हैं आतंकियों की मदद

इसके साथ ही पुलिस ने किश्तवाड़ जिले के उन 11 आतंकियों की तस्वीरें भी जारीं की, जो पाकिस्तान चले गए थे. और अब वहीं से जम्मू संभाग में




■ पुलिस ने जारी की 11 दहशतगर्दों की तस्वीर

आतंकी हमले में मदद करते हैं। पुलिस ने इन आतंकियों समेत कुल 36 आतंकियों को भगोड़ा अपराधी घोषित कर इनकी संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इनमें से 7 आतंकियों की संपत्तियों को जब्त कर लिया गया।

### इन दहशतगर्दों की संपत्तियां जब्त

किश्तवाड़ के जिन सात आतंकियों की संपत्ति जब्त की गई, उनमें शहनवाज कंठ उर्फ मुन्ना उर्फ उमर, नईम अहमद उर्फ आमिर उर्फ गाजी, मोहम्मद इकबाल उर्फ बिलाल, शहनवाज उर्फ नईम, जाविद हुसैन गिरी उर्फ मुजामिल, बशीर अहमद मुगल उर्फ रजब उर्फ सैफुल्लाह और इम्तियाज अहमद उर्फ दाऊद के नाम शामिल हैं।

## पाकिस्तानी सेना ने हेलीकॉप्टर से 17 आतंकियों को मार गिराया



**पेशावर।** आतंकवादियों के खिलाफ पाकिस्तानी सेना का अभियान जारी है। ताजा मामले में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में आतंकवादियों के ठिकानों पर हेलीकॉप्टर से हमला किया। इस दौरान सेना ने कम से कम 17 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है। सेना के सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर बन्नू और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में इन अभियानों को अंजाम दिया गया। बन्नू जिले के बाका खेल इलाके में सुरक्षा बलों ने हाफिज गुलबहादुर समूह से जुड़े आतंकवादियों के ठिकाने पर हेलीकॉप्टर से हमला करके 12 आतंकियों को मार गिराया। दूसरा अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली के हासो खेल इलाके में अंजाम दिया गया, जहां पांच आतंकवादी मारे गए।

### भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद

बड़ी मात्रा में पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी भी की है। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकवादियों की तस्वीरें भी जारी कीं। सुरक्षा बलों की सहायता के लिए अतिरिक्त जवानों को रवाना किया गया है और अभियान जारी है। बता दें कि पाकिस्तान पिछले कई हफ्ते से आतंकियों के खिलाफ अभियान चला रखा है।

### गर्भवती महिला को हिरासत में लेना शक्ति का दुरुपयोग

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक गर्भवती महिला और उसके दो वर्षीय बच्चे को अपहरण के एक मामले में बयान दर्ज करने के लिए छह घंटे से अधिक समय तक "अवैध रूप से हिरासत में रखने" के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को कड़ी फटकार लगाई और इसे /"शक्ति का दुरुपयोग/" और /"यातना/" करार दिया है।

यह मामला महिला के परिवार ने दर्ज कराया था। इस मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को मुकर्रर की गयी है। अदालत ने पुलिस को आठ माह की गर्भवती महिला को एक लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। पीठ ने राज्य से दस दिनों के भीतर एक हलफनामा मांगा जिसमें फैसले का पालन करने के लिए उठाए गए कदमों की रूपरेखा हो।

### झारखंड में मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस और माओवादियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टेबो पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोमरोंग गांव में यह मुठभेड़ हुई।


**कार्यालय नगर पंचायत लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक / 756/ लो.नि.वि./न.पं./2024-25 लैलूंगा, दिनॉक 29/11/2024

विषयांतर्गत लेख है कि निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन वार्डो में बी.टी. रोड़ टॉप लेयर निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

**ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा सूचना**

| क्र. | विवरण | सिस्टम टेंडर नम्बर | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी. आर./ टीडीआर) | बिड सबमिशन फीस (डीडी) | ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRACTION OF B.T. ROAD AT NAGAR PANCHAYAT LAILUNGA | 162114 | 114.83 | 87000 | 3000 | 16.12.2024 | 19.12.2024 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.csstate.gov.in देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। अमानत राशि ( टीडीआर/ एफडीआर/ डीडी वापसी योग्य नहीं) तथा दस्तावेज उपरोक्त तिथि को नगर पंचायत लैलूंगा में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से प्रेषित करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/21/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | गुमला जिलान्तर्गत चैनपुर प्रखण्ड के जनावल पंचायत के ग्राम चकडिपा डोकापाठ के बीच शंख नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,85,11,400.00 | 9,70,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –07.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.12.2024 से दिनांक 14.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 340885 Rural Development(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई०–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-02/RDSD/RAMGARH/04/2024-25(3rd Call)*

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– MMGSY मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम / पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE-02/RDSD/ RAMGARH/MMG SY /01/2024-25 | पतरातु | कण्डेर | रामगढ़ जिला के प्रखण्ड पतरातु के ग्राम / पंचायत– कण्डेर में डेलिया पत्थर नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 35419400 | 709000 | 10000 | 18 (अठारह) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 05.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.12.2024 से 14.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 16.12.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9939700965
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 340899 Rural Work Department(24-25)#D

# बाजार की उथल-पुथल ने बिगाड़ दिया रिटर्न का हाल, ऐसे में क्या करें निवेशक

- कई म्यूचुअल फंड्स के रिटर्न ने निवेशकों को किया निराश, घटा मुनाफा
- कई सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स पर बाजार की गिरावट का असर पड़ा
- जिन निवेशकों को अपने इनवेस्टमेंट पर घाटा हो रहा है, वे अलर्ट रहें
- ज्यादातर सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स 3 माह से बेहद कम या निगेटिव
- ऐसे में निवेशकों को डायवर्सिफाइड स्कीम्स पर ही फोकस करना चाहिए

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

हाल के दिनों में शेयर बाजार में आई भारी उथल-पुथल ने कई म्यूचुअल फंड्स, खासकर सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स के प्रदर्शन पर निगेटिव असर डाला है। ज्यादातर सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स के पिछले 3 महीनों के रिटर्न फिलहाल बेहद कम या निगेटिव चल रहे हैं। इनके पिछले 6 महीनों के रिटर्न आंकड़े भी तकरीबन वैसे ही हैं। हाल में लॉन्च हुए कई सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स तो ऐसे भी हैं, जिनकी नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) उनके लॉन्च प्राइस से भी 10-20% तक नीचे आ चुकी है। इससे सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स के एनएफओ में पैसे लगाने वाले या ऐसे पुराने फंड्स में भी हाल ही में निवेश करने वाले बहुत सारे इनवेस्टर्स को अपने निवेश पर घाटा हो रहा है। सवाल ये है कि ऐसे निवेशकों को अब क्या करना चाहिए। सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स, जैसे डिफेंस, पीएसयू, टूरिज्म और मेटल इंडेक्स को फॉलो करने वाले इक्विटी फंड, शेयर बाजार में पिछले दिनों आई उथल-पुथल के शिकार हुए हैं।



### बिकवाली स्थिति और बिगाड़ी

ऐसे कई फंड्स हैं, जिनकी एनएवी न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) में जारी 10 रुपये प्रति यूनिट की कीमत से भी नीचे आ गई है। 27 सितंबर के बाद से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली ने इस स्थिति को और बिगाड़ दिया। इस दौरान निफ्टी 50 में 10.44%, निफ्टी मिडकैप 150 में 10.9% और निफ्टी स्मॉलकैप 250 में 9.1% की गिरावट देखी गई. इसके अलावा, डिफेंस इंडेक्स में 10.25%, पीएसयू इंडेक्स में 11.7% और मेटल इंडेक्स में 12.28% की गिरावट दर्ज की गई है।

### गलत समय पर निवेश का नुकसान

कई थीमैटिक और सेक्टोरल फंड्स की लॉन्चिंग उस समय हुई जब संबंधित सेक्टर्स पहले से अपने पीक को छू रहे थे। उदाहरण के लिए, डिफेंस और पीएसयू सेक्टर्स ने लॉन्च से पहले के एक साल में 100% से अधिक रिटर्न दिया था। इस प्रदर्शन के चलते इन योजनाओं ने नए निवेशकों को आकर्षित किया, लेकिन बाजार की तेज गिरावट ने इनकी वैल्यू में भी भारी गिरावट ला दी। इन फंड्स की संरचना कुछ चुनिंदा कंपनियों पर आधारित होती है। अगर इनमें से 1-2 कंपनियों का प्रदर्शन कमजोर हो, तो पूरे फंड पर इसका निगेटिव असर पड़ता है।

### निवेशकों के लिए क्या है सही रणनीति

निवेशकों को इस समय अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करनी चाहिए। जिन निवेशकों ने थीमैटिक फंड्स में बहुत ज्यादा निवेश कर दिया है, वे उनसे एग्जिट करके डायवर्सिफाइड इक्विटी फंड्स का रुख कर सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि डायवर्सिफाइड फंड्स का प्रदर्शन लंबी अवधि में बेहतर होता है, क्योंकि ये विभिन्न सेक्टर्स में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम कम करने में मदद मिलती है। थीमैटिक और सेक्टोरल फंड्स केवल ऐसे अनुभवी निवेशकों के लिए ही सही हैं, जिनके पास संबंधित सेक्टर के बारे में अच्छी जानकारी हो और जो लंबी अवधि के निवेश पर ज्यादा रिस्क लेने की क्षमता रखते हों। नए या कम जानकार निवेशकों को इनसे बचना चाहिए और डायवर्सिफाइड स्कीम्स पर ही फोकस करना चाहिए।

### क्या सीखें निवेशक

थीमैटिक और सेक्टोरल फंड्स कभी भी आपके पोर्टफोलियो का मुख्य हिस्सा नहीं होने चाहिए। ऐसे फंड्स को अपने पोर्टफोलियो में सीमित जगह दें और डायवर्सिफाइड फंड्स में निवेश को प्रायोरिटी दें। सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स में ज्यादा से ज्यादा 10% ही निवेश करना जाना चाहिए. वो भी उन निवेशकों को जो ज्यादा रिस्क लेने की क्षमता रखते हैं और कम से कम 7 साल के लिए इनवेस्ट कर सकते हैं। बाजार के मौजूदा हालात में निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे फंड्स जब भी अच्छा प्रदर्शन करें, तो मुनाफा बुक करके अपने पोर्टफोलियो को री-बैलेंस करना जरूरी है। इक्विटी में लंबी अवधि के लिए निवेश करके वेल्थ क्रिएशन करना है, तो मल्टी कैप और फ्लेक्सी कैप जैसे डायवर्सिफाइड फंड ही बेहतर हैं। हालांकि निवेश से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले यह बात हमेशा याद रखें कि इक्विटी म्यूचुअल फंड कोई भी हो, उसमें निवेश के साथ कुछ न कुछ मार्केट रिस्क हमेशा ही जुड़ा रहता है। इसलिए अपने रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखकर ही पैसे लगाएं।

### रिटर्न पर मुनाफा बुक करना क्यों जरूरी

थीमैटिक और सेक्टोरल फंड्स के साथ सबसे बड़ी चुनौती सही समय पर एग्जिट करने की होती है। अगर सही समय पर फंड से बाहर नहीं निकला जाए, तो लंबे समय तक बिना लाभ के इन्वेस्टमेंट अटका रह सकता है। उदाहरण के लिए, 2008 में पावर और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर्स में भारी निवेश हुआ था, लेकिन समय पर बाहर न निकलने वाले निवेशकों को लगभग 8-10 साल तक अपने फंड्स के रिकवर होने का इंतजार करना पड़ा।

### इन्वेस्टमेंट निर्णय लेना

इन्वेस्टमेंट की संभावित लाभ का मूल्यांकन करने के लिए बुक वैल्यू का उपयोग किया जा सकता है। अगर कंपनी के शेयरों की मार्केट वैल्यू प्रति शेयर अपनी बुक वैल्यू से कम है, तो यह दर्शा सकता है कि स्टॉक का मूल्यांकन कम हो जाता है और अच्छा इन्वेस्टमेंट अवसर प्रदान करता है। इसके बाद अच्छा रिटर्न मिलने पर आपको अपने लक्ष्य के अनुसा निर्णय लेना होता है। तभी आप मुनाफे को समय रहते भुना पाओगे और लक्ष्य पूरा करेंगे।

## बिजनेस साइट

# हीरा ग्रुप का 15वां 'सुरेश अग्रवाल मेमोरियल कप' क्रिकेट टूर्नामेंट

4 जनवरी से होगा शुरू



रायपुर। हीरा ग्रुप स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ में एक प्रमुख क्रिकेट टूर्नामेंट 'सुरेश अग्रवाल मेमोरियल कप' के 15वें सीजन का आयोजन करने को लेकर उत्साहित है। यह टूर्नामेंट विशेष रूप से कॉर्पोरेट संस्थाओं के बीच खेला जाएगा और 4 जनवरी 2025 से शुरू होगा। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य में एक प्रमुख क्रिकेट इवेंट के रूप में स्थापित हो चुकी है, जिसमें टेनिस बॉल का उपयोग किया जाएगा।

रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू

चेयरमैन सिद्धार्थ अग्रवाल और विनोद पिल्लई ने बताया कि यह टूर्नामेंट पिछले 14 वर्षों से छत्तीसगढ़ क्रिकेट इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। यह टूर्नामेंट विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की कॉर्पोरेट टीमों के लिए एक बड़े प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। पूरे राज्य से विभिन्न कंपनियां इस टूर्नामेंट में भाग लेती हैं, जो करीब 25 दिनों तक चलता है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### टूर्नामेंट में विजेता टीम को 3 लाख

इस बार के टूर्नामेंट में 32 टीमें लीग और नॉकआउट राउंड के आधार पर प्रतिस्पर्धा करेंगी और मैच डे-नाइट खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर के हीरा ग्रुप स्पोर्ट्स ग्राउंड, राम वाटिका के पास, ऊर्जा पार्क के सामने स्थित वीआईपी रोड पर किया जाएगा। विजेता टीम को 3 लाख रुपये और चैंपियनशिप ट्रॉफी दी जाएगी, साथ ही प्रत्येक खिलाड़ी को व्यक्तिगत ममेंटो मिलेगा। रनर्स-अप को 1.5 लाख रुपये और रनर्स-अप ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, विभिन्न व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी घोषणा की गई है, जिसमें 'हीरा ही-मैन' (31,000 रुपये और ट्रॉफी), सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज (21,000 रुपये और ट्रॉफी) और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज (21,000 रुपये और ट्रॉफी) शामिल हैं।

# भविष्य में बढ़िया रिटर्न पाने के लिए बनाएं सही पोर्टफोलियो

- इक्विटी और डेट में क्या है सही, यह जानकर की करें निवेश
- सबसे पहले निवेश के लक्ष्यों को जानना आपके लिए बेहद जरूरी
- कुछ टिप्स अपनाकर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं निवेशक
- हमेशा लंबी अवधि के लिए निवेश का लक्ष्य बनाया जाना जरूरी
- संतुलित पोर्टफोलियो आपके फाइनेंशियल टारगेट्स को पूरा करेगा

सुझाव
बिजनेस डेस्क

*यह निवेश को बाजार में आने वाली भारी उथल-पुथल से भी बचाएगा, एक बैलेंस्ड पोर्टफोलियो स्थिर और पॉजिटिव रिटर्न जेनरेट करने में सक्षम*

निवेश करने के लिए क्या सही क्या गलत इस पर ध्यान रखकर और एक बार बाजार पर रिसर्च करके ही निवेश करेंगे तो आपने भविष्य कर सुरक्षित कर सकते हैं। हमेशा लंबी अवधि के निवेश का सोचें और अपने निवेश के लक्ष्य तय करके ही इस क्षेत्र में कदम रखें। ध्यान रखें सही पोर्टफोलियो बनाना हर निवेशक के लिए एक जरूरी काम है, क्योंकि यह न केवल आपके फाइनेंशियल टारगेट्स को पूरा करने में मदद करता है, बल्कि बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने में भी मददगार साबित होता है। सही इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी के लिए इक्विटी और डेट के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। ऐसा करके ही आप अपने रिस्क प्रोफाइल यानी जोखिम लेने की क्षमता और निवेश के लक्ष्य के हिसाब से रिस्क और रिटर्न में बैलेंस बना पाएंगे। एक सही और संतुलित पोर्टफोलियो बाजार की उथल-पुथल के बीच भी पॉजिटिव रिटर्न जेनरेट कर सकता है।

### इक्विटी बनाम डेट: आपके लिए क्या है बेहतर

इक्विटी और डेट, दोनों का अपना महत्व है। इक्विटी इनवेस्टमेंट आम तौर पर लंबी अवधि में हाई रिटर्न देता है, लेकिन इसके साथ हाई रिस्क भी जुड़ा रहता है। अगर आपका उद्देश्य लंबी अवधि में वेल्थ क्रिएशन करना है और इसके लिए आप रिस्क लेने को तैयार हैं, तो इक्विटी आपके लिए सही विकल्प हो सकता है। दूसरी ओर, पीपीएफ (पीपीएफ), एफडी (एफडी) और पोस्ट ऑफिस स्कीम्स जैसे डेट इनवेस्टमेंट्स स्टेबल और सुरक्षित रिटर्न देते हैं। ऐसे निवेश आपके पोर्टफोलियों में जोखिम कम करने और बाजार की गिरावट के समय स्टेबिलिटी और सिक्योरिटी देते हैं। इनमें से अपने लिए सही ऑप्शन चुनना है, तो अपनी जोखिम लेने की क्षमता और फाइनेंशियल टारगेट्स का आकलन करना जरूरी है।

### एसेट अलोकेशन का सही बैलेंस

सही एसेट अलोकेशन आपके निवेश पोर्टफोलियो की रीढ़ है। यह तय करना कि आपके पोर्टफोलियो में कितनी हिस्सेदारी इक्विटी और कितनी डेट में होगी, आपके लंबी अवधि के लक्ष्यों और जोखिम लेने की क्षमता पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, युवा निवेशकों के लिए 70% इक्विटी और 30% डेट का अनुपात सही हो सकता है, जबकि रिटायरमेंट के करीब पहुंच रहे निवेशकों के लिए इक्विटी में 40% और डेट में 60% निवेश करना बेहतर रणनीति हो सकती है। समय-समय पर अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करके इसे अपने बदलते लक्ष्यों और बाजार की चाल के हिसाब से एडजस्ट करना भी बेहद जरूरी है।



### ऐसे करें पोर्टफोलियो रिबैलेंसिंग

अपने पोर्टफोलियो को समय-समय पर रीबैलेंस करना किसी भी निवेशक की सफलता का बड़ा कारण हो सकता है। ऐसा करके आप अपने पोर्टफोलियो को वक्त के हिसाब से फिट बनाए रख सकते हैं। जब बाजार तेजी पर होता है और इक्विटी का हिस्सा बढ़ जाता है, तो मुनाफा निकालकर उसे डेट में री-एलोकेट या ट्रांसफर करना समझदारी है। इससे उलट, जब बाजार में गिरावट होती है, तो कम कीमत पर इक्विटी खरीदना लंबी अवधि के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी रणनीति आपको इमोशनल आधार पर निवेश के फैसले लेने से बचाती है, जो अक्सर निवेश में नाकामी की वजह बनते हैं।

### हाइब्रिड म्यूचुअल फंड्स यानी संतुलित निवेश

अगर आप अपने पोर्टफोलियो में इक्विटी और डेट का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञता या समय की कमी महसूस करते हैं, तो हाइब्रिड म्यूचुअल फंड्स इसका एक बेहतर तरीका हो सकते हैं। ये फंड्स अपने आप ही आपके इनवेस्टमेंट को डेट और इक्विटी में बांटकर एलोकेट करने और समय-समय पर उन्हें रीबैलेंस करने का काम करते हैं। इसके अलावा, ये बाजार की अस्थिरता के दौरान स्थिरता भी देते हैं। इक्विटी और डेट में निवेशक का सही संतुलन लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दे सकता है।

### पीपीएफ में निवेश का फायदा

पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ) को भारत में सबसे सुरक्षित और लोकप्रिय इनवेस्टमेंट ऑप्शन्स में एक माना जाता है। इसमें आपको न सिर्फ निवेश करते समय टैक्स में बचत का लाभ मिलता है, बल्कि इस पर मिलने वाला रिटर्न भी पूरी तरह टैक्सफ्री है। हालांकि इसका 15 साल का लॉक-इन पीरियड काफी लंबा है, लेकिन स्थिरता और सुरक्षा के साथ अच्छा रिटर्न देने की वजह से इसे लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट के लिहाज से हर पोर्टफोलियो में शामिल किया जाना चाहिए।

### क्यों जरूरी है निवेश की सही रणनीति

हाल ही में बाजार में आई गिरावट ने यह याद दिलाया है कि निवेश में लॉन्ग टर्म नजरिया और सही रणनीति का महत्व कितना है। बाजार में आने वाले शॉर्ट टर्म उतार-चढ़ाव से घबराने की बजाय, निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो को मार्केट साइकल के हिसाब से बैलेंस करना चाहिए। यह बात हमेशा याद रखें कि इक्विटी और डेट का सही बैलेंस आपके पोर्टफोलियो को मजबूत और प्रॉफिटेबल बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है।

# आनंदम वर्ल्ड सिटी के स्काइज कमर्शियल कॉम्प्लेक्स की हुई भव्य लॉन्चिंग, मिला अच्छा रिस्पांस



*रायपुर। छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी टाउनशिप, आनंदम वर्ल्ड सिटी में स्काइज कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और लग्ज़री स्टूडियो अपार्टमेंट्स की भव्य लॉन्चिंग शनिवार को हुई। 30 नवंबर से 1 दिसंबर तक चलने वाले इस दो दिवसीय लॉन्चिंग इवेंट के पहले दिन लोगों का काफी अच्छा रिस्पांस मिला। आनंदम वर्ल्ड सिटी में क्लासी इंफ्रास्ट्रक्चर, टाइमलेस डिजाइन के साथ शॉप्स, प्रीमियम ऑफिस स्पेस और लग्ज़री स्टूडियो अपार्टमेंट्स पेश किए जा रहे हैं, जो रेगुलर रेंटल इनकम का भी अवसर प्रदान करेंगे।*

*आनंदम वर्ल्ड सिटी के आयुष मोदी ने बताया कि ये लग्ज़री स्टूडियो अपार्टमेंट्स उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं जो रायपुर में अक्सर आते-जाते रहते हैं और जिन्हें एक आरामदायक घर जैसी सुविधा चाहिए, जो वे कभी भी उपयोग कर सकें। ये स्टूडियो अपार्टमेंट्स क्लब आनंदम के साथ टाईअप करके नियमित देखरेख और साफ-सफाई की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा क्लब से जुड़ने पर स्टूडियो के मालिकों को रेगुलर रेंटल इनकम भी मिलेगी। आयुष मोदी ने बताया कि स्टूडियो अपार्टमेंट्स के मालिक क्लब के साथ टाईअप करके न केवल अपनी संपत्ति की देखरेख करवा सकते हैं, बल्कि भोजन और अन्य सुविधाओं के लिए भी क्लब से टाईअप कर सकते हैं जिससे कि कुछ समय के लिए स्टूडियो अपार्टमेंट में शिफ्ट होके खाने का टेंशन भी नहीं रहेगा, इसके अलावा, स्पेशल लॉन्च ऑफर के तहत ग्राहकों को पांच साल की मिनिमम रेंटल इनकम भी प्रदान की जाएगी।*

# पति और पत्नी मिलकर करें बचत, बना लेंगे अच्छा फंड



10 आसान फाइनेंशियल टिप्स आपको दिलवाएंगे मुनाफा

- परिवार को कभी भी नहीं करना पड़ेगा आर्थिक तंगी का सामना
- पति-पत्नी के बीच पैसों के मामले में बेहतर तालमेल होना जरूरी
- खर्च, बचत व निवेश पर एकसाथ फैसला लेंगे तो हल होगी समस्या

कभी-कभी अच्छी कमाई के बावजूद भी परिवार को पैसों की तंगी का सामना करना पड़ता है। इसका प्रमुख कारण होता है पति-पत्नी के बीच पैसों के मामले में तालमेल का अभाव। अगर खर्च, बचत और निवेश पर एकसाथ फैसला लिया जाए, तो यह समस्या आसानी से हल हो सकती है। कहा भी गया है पति-पत्नी एक गाड़ी के दो पहिये होते हैं। अगर एक पहिया अटकेगा तो गाड़ी नहीं चल सकती। ऐसे ही व्यवस्था निवेश में भी होती है। जब तक पति-पत्नी के बीच निवेश को लेकर बेहतर तालमेल नहीं होगा, तब तब अच्छा पैसा नहीं जुटा पाएंगे। ऐसे में जरूरी है दंपति पहले आपस में तालमेल बनाएं। इसके बाद निवेश करें और देखें कि आपके पैसे कैसे बढ़ते हैं और आप आर्थिक रूप से मजबूत होते हैं। यदि आप भी इसी समस्या का सामना कर रहे हैं, तो इन 10 फाइनेंशियल टिप्स को अपनाकर आप अपने परिवार की वित्तीय स्थिति को सुधार सकते हैं और सेविंग्स तथा निवेश दोनों में वृद्धि कर सकते हैं। इस रिपोर्ट के जरीये हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे ही दस टिप्स जो आपकी वेल्थ को बढ़ाने में सक्षम होंगे।

निवेश फंडा
बिजनेस डेस्क

### अपनी आय को साझा करें

पत्नी और पति दोनों को अपनी-अपनी आय के बारे में खुलकर बात करनी चाहिए। यह सुनिश्चित करता है कि दोनों को परिवार की कुल आय का सही अंदाजा हो और वे मिलकर खर्च, बचत और निवेश के फैसले बेहतर तरीके से ले सकें। दोनों मिलकर फैसले लेंगे तो बचत बढ़ेगी और जरूरी खर्चों पर लगाम लगेगी। इससे आपकी बचत बढ़ेगी और आप ज्यादा निवेश कर पाएंगे।

### साझा वित्तीय लक्ष्य तय करें

परिवार के लिए आम लक्ष्य बनाना महत्वपूर्ण है, जैसे बच्चों की शिक्षा, शादी, घर खरीदना आदि। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दोनों को मिलकर योजना बनानी चाहिए और लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान लगाना चाहिए। लंबी अवधि का निवेश हमेशा लाभ देता है। आप एसआईपी के जरीये म्यूचुअल फंड में भी निवेश कर सकते हैं।

### ज्वाइंट बजट बनाएं

परिवार के खर्च, बचत और निवेश के लिए एक संयुक्त बजट तैयार करना बेहद जरूरी है। इससे यह साफ हो जाता है कि आय का कितना हिस्सा खर्चों के लिए, कितना बचत के लिए और कितना निवेश के लिए अलग रखा जाएगा। दंपति मिलकर यह निर्णय लेंगे तो एक्स्ट्रा खर्च से बचे रहेंगे। इससे भी आपकी बचत बढ़ेगी।

### वित्तीय जिम्मेदारियों का बंटवारा करें

पैसों से जुड़े कामों को दोनों के बीच बांटना चाहिए। उदाहरण के तौर पर, एक व्यक्ति बिलों का भुगतान कर सकता है, जबकि दूसरा निवेश के फैसले ले सकता है। इस तरह, कामों को साझा करने से दबाव कम होता है। दोनों कमाने वाले हैं तो मोटा पैसा भी बनाया जा सकता है।

### इमरजेंसी फंड बनाएं

परिवार के पास एक इमरजेंसी फंड भी होना चाहिए, जो 3-6 महीने के खर्च को कवर कर सके। यह फंड अनहोनी वाली वित्तीय समस्याओं से निपटने के लिए मददगार साबित होता है।

### खरीदारी के लिए योजना बनाएं

अगर परिवार को कोई बड़ी खरीदारी करनी हो, जैसे कार या घर, तो उसकी योजना पहले से बनानी चाहिए। इससे आपको लोन की जरूरत का अनुमान पहले से हो जाएगा और सही निर्णय लिया जा सकेगा।

### वित्तीय लक्ष्यों के लिए निवेश करें

पत्नी और पति को मिलकर यह तय करना चाहिए कि उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्य क्या हैं, और उन्हें पूरा करने के लिए प्रत्येक महीने कितना निवेश करना होगा। म्यूचुअल फंड्स में नियमित निवेश करना लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न दे सकता है।

### व्यक्तिगत पसंद का सम्मान करें


हर किसी की व्यक्तिगत प्राथमिकताएं होती हैं। पति-पत्नी को एक-दूसरे की पसंद का ख्याल रखते हुए अपने बजट में उन जरूरतों को भी शामिल करना चाहिए, जैसे पत्नी का ब्यूटी पार्लर जाना या पति का पसंदीदा शौक पूरा करना।

### विवाद पर खुलकर चर्चा करें

वित्तीय मामलों में कभी-कभी मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस स्थिति में दोनों को खुलकर बातचीत करनी चाहिए। इससे गलतफहमियां दूर होती हैं और रिश्ते में तनाव नहीं आता.

### उपलब्धियों का जश्न मनाएं

परिवार की खुशियों और उपलब्धियों को मिलकर मनाना चाहिए। जैसे पति का प्रमोशन हो या बच्चों के अच्छे अंक आए हों, तो इन छोटे-छोटे मौकों पर जश्न मनाने से परिवार में आपसी प्यार और सहयोग बढ़ता है।



# अंडर-19 एशिया कप : पाकिस्तान ने भारतीय टीम को दिया बड़ा जख्म, 44 रन से जीता मैच


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच शनिवार को अंडर-19 एशिया कप का तीसरा मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को 44 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 50 ओवर में 281 रन बनाए। जवाब में टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेल रही भारतीय टीम 237 रन पर सिमट गई।

### पाकिस्तान ने जीती टॉस

मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत शानदार रही। पहले 30 ओवर तक भारतीय गेंदबाज 1 विकेट तक नहीं ले पाए। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज शाहजैब खान और उस्मान खान के बीच पहले विकेट के लिए 160 रनों की साझेदारी हुई। आयुष म्हात्रे ने 31वें ओवर में यह पार्टनरशिप तोड़ी। उन्होंने उस्मान खान को अपना शिकार बनाया।170 के स्कोर पर पाकिस्तान का दूसरा विकेट गिरा। हारून अरशद ने 3 रन बनाए।





### कप्तान का नहीं चला बल्ला

इसके बाद आंद्रे सिद्धार्थ ने 27 गेंदों पर 15 रन, कप्तान मोहम्मद अमान ने 16 रन, किरण चोरमले ने 20 रन, निखिल कुमार ने 67 रन, हरवंश सिंह ने 28 गेंदों पर 26 रन बनाए। समर्थ नागराज का खाता तक नहीं खुला। साथ ही हार्दिक राज 10 के स्कोर पर पवेलियन लौटे।

### शाहजैब ने बनाए 159 रन

44वें ओवर में मोहम्मद रियाजुल्लाह 27 रन बनाकर आउट हुए। फरहान यूसुफ गोल्डन डक पर पवेलियन लौटे। इसके बाद फहम उल हक ने 4 रन, कप्तान साद बेग ने 4 और शाहजैब खान ने 159 रन बनाए। शाहजैब खान ने इस दौरान 5 चौके और 10 छक्के ठोके। उमर जैब 2 और नवीद अहमद खान 5 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से समर्थ नागराज ने 3 शिकार किए। आयुष म्हात्रे के खाते में 2 और युधजीत गुहा और किरण चोरमले की झोली में 1-1 विकेट आया।

### सूर्यवंशी ने बनाया 1 रन

282 रनों के टारगेट को चेज करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खास नहीं रही। 28 के स्कोर पर टीम को पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 14 गेंदों पर 20 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 5 चौके निकले। अब्दुल सुभान ने उनका विकेट लिया। 5वें ओवर की पहली गेंद पर भारतीय टीम का दूसरा विकेट गिरा। वैभव सूर्यवंशी ने 9 गेंदों का सामना किया और 1 रन बनाया।

## खबर संक्षेप



### लाबुशेन को एडिलेड से बाहर करना चाहिए

**एडिलेड।** पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को खराब फॉर्म से जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को भारत के खिलाफ छह दिसंबर से शुरू होने वाले दिन-रात्रि एडिलेड टेस्ट की अंतिम एकादश से बाहर कर देना चाहिए। लाबुशेन ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 52 गेंद पर दो रन और दूसरी पारी में पांच गेंद पर तीन रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया को इस मैच में 295 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। जॉनसन का मानना है कि लाबुशेन को फॉर्म में वापसी करने के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना चाहिए।

### राजस्थान ने नामधारी एफसी को 3-1 से हराया

**श्री भैनी साहिब।** राजस्थान यूनाईटेड एफसी ने शनिवार को यहां दूसरे हाफ में वापसी करते हुए आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान नामधारी एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। नामधारी एफसी ने 18वें मिनट में राजस्थान के डिफेंडर वायने वाज के आत्मघाती गोल की बदौलत बढ़त हासिल की। राजस्थान ने 51वें मिनट में एलेन ओयारजुन के गोल से 1-1 से बराबरी हासिल की। राजस्थान ने 73वें मिनट में सेमिंगमांग मंचोंग के गोल से बढ़त हासिल की और फिर वाज ने 85वें मिनट में टीम के लिए तीसरा गोल दाग दिया।



### कोहली की तरह खुद पर भरोसा रखें : पोंटिंग

**एडिलेड।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे चार टेस्ट मैचों में फॉर्म में वापसी करने के लिए भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की तरह अपने खेल पर भरोसा करने की सलाह दी है। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में लाबुशेन भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए। उन्होंने इस मैच में दो और तीन रन बनाए। स्मिथ भी पहले टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के सामने जूझते रहे।



टेस्ट : दो मैचों की श्रृंखला में बनाई 1-0 की अजेय बढ़त

# अफ्रीका ने श्रीलंका को 233 रन से रौंदा, यानसन ने झटके 11 विकेट

एजेंसी ▶▶| डरबन

तेज गेंदबाज मार्को यानसन के 11 विकेट से दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को पांचवें दिन किंग्समीड में खेले गए पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका को 233 रनों से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रीलंका ने जीत के लिए 516 रनों के लगभग असंभव जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 282 रन बनाए। टीम के लिए दिनेश चांदीमल ने सबसे ज्यादा 83 रन बनाए।

श्रीलंका की टीम ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 103 रन से आगे से की और चांदीमल ने 174 गेंद की पारी में 12 चौके लगाने के साथ छठे विकेट के लिए कप्तान धनंजय डिसिल्वा (59) के साथ 95 और सातवें विकेट के लिए कुसल मेंडिस (48) के साथ 75 रन की साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका के जीत के इंतजार को लंबा किया। वह गेराल्ड गोएत्जी की गेंद पर उन्हीं को कैच देकर आउट हुए जिससे श्रीलंका ने आखिरी चार विकेट 11 रन के अंदर गंवा दिए।



### यानसेन प्लेयर ऑफ द मैच

दक्षिण अफ्रीका के लिए पहली पारी में सात विकेट लेने वाले यानसेन ने दूसरी पारी में 73 रन देकर चार विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए। उन्होंने पहली पारी में सात विकेट चटकाए थे जिससे श्रीलंका की पहली पारी मात्र 42 रन पर सिमटी गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 191 और दूसरी पारी में पांच विकेट पर 366 (पारी घोषित) बनाए थे। टीम के लिए दूसरी पारी में कैगिसो रबाडा, कोएत्जी और स्पिनर केशव महाराज ने दो-दो विकेट लिए।

### डब्लूटीसी प्वाइंट्स टेबल में किया बड़ा उलटफेर


साउथ अफ्रीका ने डब्लूटीसी 2023-25 चक्र के फाइनल में पहुंचने की अपनी दावेदारी ठोक दी है। घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ डरबन टेस्ट में बड़ी जीत दर्जकर प्वाइंट्स टेबल में बड़ा उलटफेर किया है। साउथ अफ्रीका ने तीन स्थान की लंबी छलांग लगाकर ऑस्ट्रेलिया को पीछे धकेल दिया है। हालांकि, भारत अभी भी पहले स्थान पर मौजूद है। अफ्रीका 9 मैचों में अपनी 5वीं जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। साउथ अफ्रीका की विशाल जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर आ गया है।

### विलियमसन का एक और अर्धशतक, पर तीसरे दिन इंग्लैंड का दबदबा

**क्राइस्टचर्च।** केन विलियमसन ने मैच में दूसरा अर्धशतक जड़ा और शनिवार को यहां 9,000 रन पूरे करने में कामयाब हुए लेकिन इंग्लैंड ने पहले टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड पर दबदबा बनाए रखा। विलियमसन ने पहली पारी के 93 रन के बाद दूसरी पारी में 61 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम ने दिन में इंग्लैंड की पहली पारी की 151 रन की बढ़त को खत्म कर दियाया लेकिन विलियमसन इससे पहले आउट होने वाले पांच बल्लेबाजों में से एक रहे। स्टंप तक न्यूजीलैंड का स्कोर छह विकेट पर 155 रन था जिससे टीम की बढ़त महज चार रन की थी और अब सिर्फ गेंदबाजों को बल्लेबाजी करनी है।

सैयद मोदी बैडमिंटन

# सिंधू ने आसान जीत से फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में उन्नति को केवल 36 मिनट में 21-12, 21-9 से हरा दिया। लक्ष्य ने जापान के शोगो ओगावा को 42 मिनट में 21-8, 21-14 से शिकस्त दी। दूसरी ओर, राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य का फाइनल में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से मुकाबला होगा। सिंधू के दमदार खेल के सामने उन्नति को संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने कई गलतियां की जिसके कारण उनकी मजबूत प्रतिद्वंदी ने पूरे मैच के दौरान नियंत्रण बनाए रखा। यहां अपने तीसरे खिताब की कवायद में लगी सिंधु का अगला मुकाबला थाईलैंड की लालिनराट चाइवान और चीन की लुओ यू वू के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

### तनीषा-ध्रुव खिताब से एक कदम दूर

तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने चीन की झी होंग झोउ और जिया यी यांग की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 42 मिनट तक चले सेमीफाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-16, 21-15 से हराया। उनका अगला मुकाबला चीन की पिन यी लियाओ और के शिन हुआंग तथा थाईलैंड की डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

फुटबॉल

# ड्रॉ मैच से प्रीमियर लीग में दूसरे स्थान पर पहुंचा ब्राइटन



एजेंसी ▶▶| ब्राइटन

वीडियो समीक्षा प्रणाली के विवादास्पद निर्णय के कारण साउथेम्प्टन को जीत से वंचित कर दिया गया और आखिर में उसे इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान ब्राइटन के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।

काओरू मितोमा ने ब्राइटन को पहले हाफ में बढ़त दिलाई और फ्लिन डाउन्स ने दूसरे हाफ में बराबरी का गोल दागा। इसके कुछ मिनट बाद साउथेम्प्टन के कैमरून आर्चर ने स्थानापन्न रयान फ्रेजर के क्रॉस को गोल में बदल दिया। वीएआर में चार मिनट से अधिक की जांच के बाद फैसला किया गया कि आर्चर ऑनसाइड थे, लेकिन फिर गोलकीपर बार्ट वेरब्रुगेन के साथ बहस करने के कारण एडम आर्मस्ट्रांग को दंडित किया गया, जो ऑफसाइड थे लेकिन उन्होंने गेंद को स्पर्श नहीं किया था। इस मैच में एक अंक हासिल करने से ब्राइटन के मैनचेस्टर सिटी के समान 23 अंक हो गए हैं, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# भारत ने चीनी ताइपे को 16-0 से रौंदा, अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मस्कट

गत चैंपियन भारत ने पुरुषों के जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शनिवार को यहां चीनी ताइपे पर 16-0 की शानदार जीत के साथ के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिलराज सिंह ने चार गोल करके भारतीय आक्रमण का नेतृत्व किया, जबकि रोसन कुजूर और सौरभ आनंद कुशवाहा ने हैट्रिक लगाई। भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने चीनी ताइपे को कोई मौका नहीं दिया। कोच पीआर श्रीजेश द्वारा प्रशिक्षित टीम पूल ए में नौ अंकों के साथ जापान (छह) से आगे है और टीम ने पूल चरण में एक मैच शेष रहते अंतिम-चार के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारत अपने अंतिम ग्रुप मैच में एक दिसंबर को कोरिया से भिड़ेगा, जबकि सेमीफाइनल तीन दिसंबर को होगा।



### भारतीय खिलाड़ियों का धमाकेदार प्रदर्शन

भारत ने इस मुकाबले में सावधानी से शुरुआत की। योगंबर रावत ने सातवें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में सौरभ कुशवाह (20वें, 28वें), दिलराज सिंह (17वें) और रोसन कुजूर (23वें) ने मध्यांतर तक भारत को 5-0 से आगे कर दिया। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में पूरी तरह हावी रही और टीम ने 15 मिनट के अंदर आठ गोल दागे। कुजूर ने 32वें और 42वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की, जबकि दिलराज ने 40वें और 45वें मिनट में दो और गोल किए। अर्शदीप सिंह (37वें, 44वें), प्रियोबर्ता तालेम (31वें) और शारदा नंद तिवारी (39वें) ने गोल करके भारत को मजबूत बढ़त दिलाई।

# बारिश की भेंट चढ़ा पहला दिन, रोहित और गिल महत्वपूर्ण अभ्यास से चूके

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

भारत और प्रधानमंत्री एकादश के बीच दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास क्रिकेट मैच के पहले दिन का खेल शनिवार को यहां भारी बारिश के कारण संभव नहीं हो पाया जिससे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले गुलाबी गेंद से अभ्यास करने का महत्वपूर्ण मौका चूक गए। अगर मौसम अच्छा रहा तो फिर दोनों टीम रविवार को 50 ओवरों का मैच खेलने पर सहमत हो गई हैं।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद गुलाबी गेंद से काफी अभ्यास किया है लेकिन अच्छे तेज गेंदबाजों के सामने मैच अभ्यास का अलग महत्व होता है। विशेषकर तब जबकि भारत ने अपना अंतिम दिन रात्रि टेस्ट मैच मार्च 2022 में श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में खेला था। गिल भी उंगली में चोट के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका दूसरे टेस्ट मैच में खेलना लगभग तय है। रोहित और गिल को देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की उम्मीद है। यह दोनों बल्लेबाज अब रविवार को मौसम साफ रहने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें गुलाबी गेंद से मैच अभ्यास का कुछ मौका मिल सके।



फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY
में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है
किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

# गुकेश ने लिरेन से ड्रॉ खेला, पांच बाजियों के बाद दोनों बराबरी पर

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारतीय चैलेंजर डी गुकेश ने शनिवार को यहां सफेद मोहरों से खेलते हुए विश्व शतरंज चैंपियनशिप की पांचवीं बाजी में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन से ड्रॉ खेला। लगातार दूसरे ड्रॉ के बाद दोनों खिलाड़ियों के बराबर 2.5-2.5 अंक हो गए हैं। चैंपियनशिप जीतने के लिए उन्हें अभी भी पांच अंक हासिल करने होंगे। दोनों खिलाड़ियों ने 40 चाल के बाद अंक बांटने के लिए हाथ मिलाए। यह तीसरा ड्रॉ मुकाबला रहा। 32 वर्षीय लिरेन ने पहली बाजी जीती थी। दोनों ने दूसरी और चौथी बाजी में अंक बांटे थे।



### लिरेन को नहीं हुई कोई परेशानी

मैच में यह पहली दफा है कि अभी तक लिरेन को काले मोहरों से कोई परेशानी नहीं हुई। गुकेश ने फिर से शुरु में 'किंग्स पॉन ओपनिंग का इस्तेमाल किया और मैच में दूसरी बार 'फ्रेंच डिफेंस' का सामना किया।

### अपने प्रदर्शन से खुश

18 वर्षीय गुकेश खिताब के लिए अब तक के सबसे कम उम्र के चैलेंजर हैं और उन्होंने बुधवार को तीसरी बाजी जीती थी। गुकेश ने बाजी के बाद कहा, 'मैं एक बार में एक ही बाजी पर ध्यान लगा रहा हूं, अभी तक टूर्नामेंट आधा भी नहीं हुआ है, अभी कई महत्वपूर्ण बाजियां खेली जानी है। पहले मैच में हारने के बाद मैं अब जिस स्थिति में हूं, उससे खुश हूं।'



# अंतरिक्ष में 'सोने' से भरा है ये एस्टेरॉयड, धरती पर हर इंसान को बना सकता है अरबपति

*वॉशिंगटन। अंतरिक्ष में एक ऐसा एस्टेरॉयड मौजूद है जो सोने और प्लैटिनम समेत कीमती धातुओं से भरपूर है। इस एस्टेरॉयड का नाम 16 साइकी है। अगर इसकी कीमत लगाई जाए तो यह इतना ज्यादा है कि धरती का हर इंसान अरबपति बन सकता है। सौरमंडल में एक अनोखा एस्टेरॉयड है। आम तौर पर हम एस्टेरॉयड पत्थर के बने हुए देखते हैं। लेकिन, यह कीमती धातुओं से बना है। इस एस्टेरॉयड में इतनी धातु है, जो पृथ्वी के लगभग हर इंसान को अरबपति बना सकता है।*



### अंतरिक्ष में कहां है एस्टेरॉयड

यह एस्टेरॉयड मंगल और बृहस्पति ग्रह के बीच मौजूद है। इसका नाम 16 साइके है, जिसमें लोहा, सोना और प्लैटिनम प्रचुर मात्रा में है। यह इसे हमारे सौरमंडल की सबसे मूल्यवान वस्तुओं में से एक बनाता है।

### कब हुई थी खोज

सबसे पहले इसकी पहचान 1852 में इटली के खगोलशास्त्री एनीबेल डी गैस्पारिस ने की थी। यह लगभग 226 किमी की परिधि वाला खगोलीय पिंड है।

### कितनी है कीमत?

16 साइके की अनुमानित कीमत 10 क्वाड्रिलियन डॉलर है। संख्या में 1 के बाद 19 जीरो लगाकर इसे लिखा जाता है। इसे रुपए में बदलना और भी मुश्किल है। यह इतनी अधिक कीमत है कि पृथ्वी पर हर व्यक्ति अमीर हो सकता है।

### वैज्ञानिक कर रहे रिसर्च

धातु से बने इस खगोलीय पिंड ने वैज्ञानिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। यही कारण है कि वह इस पर रिसर्च करना चाहते हैं। धातु के कारण वैज्ञानिक मानते हैं कि यह किसी ग्रह का शुरुआती केंद्र हो सकता है।


### नासा ने शुरू किया मिशन

इस एस्टेरॉयड को पृथ्वी तक लाने की टेक्नोलॉजी आज के समय नहीं है। नासा ने इससे जुड़ी जानकारी पाने के लिए अक्टूबर 2023 में साइके अंतरिक्ष यान लॉन्च किया। यह एस्टेरॉयड पृथ्वी से 3.5 अरब किमी है। ऐसे में यहां तक अंतरिक्ष यान 2029 में पहुंचेगा।

# न मंदिर-न पुजारी, फिर भी रोज़ाना लगती है हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

**छतरपुर।** जिले के गौरिहार जनपद के क्यूटी गांव में भगवान हनुमानजी की एक ऐसी चमत्कारिक मूर्ति है, जहां न तो मंदिर बना है और न ही पुजारी रहते हैं, लेकिन इसके बाद भी कई सौ सालों से यहां श्रद्धालु आ रहे हैं। इस मंदिर में एमपी से नहीं, बल्कि यूपी के झांसी से भी श्रद्धालु आते हैं। पंडित दिवाकर पयासी बताते हैं कि यहां जो हनुमानजी की चमत्कारिक मूर्ति है, यह सालों पुरानी है। मैं पिछले 50 सालों से यहां दर्शन करने आ रहा हूं। इस मूर्ति के इतिहास के बारे में ज्यादा जानकारी तो नहीं है। ये जरूर बता सकते हैं कि ये मूर्ति हमारे पिताजी के पिताजी, पुरखे देखते चले आ रहे हैं। यह मूर्ति बहुत चमत्कारिक है। हमने बहुत चमत्कार देखे हैं। जिन लोगों को संतान नहीं होती है, उन्हें संतान प्राप्ति हुई है। पहाड़ के नीचे बसे गांव की हमेशा रक्षा करते हैं।

**यह है हनुमानजी की चमत्कारिक मूर्ति राज**



### मनोकामना पूरी होने पर चढ़ाया प्रसाद

श्रद्धालु बताते हैं कि हमने 3 साल पहले पुत्र की मनोकामना लेकर आए थे। आज घर में पुत्र की किलकारी गूंज रही है। इसलिए सवा मन का लड्डुओं का प्रसाद चढ़ाया है। शुद्ध घी और बेसन से बने सवा मन लड्डूओं का भोग चढ़ाया है।

### आग लगने से मूर्ति का स्पष्ट आकार नहीं दिखता

दिवाकर पंडित बताते हैं कि इस विशाल चट्टान पर पहले मूर्ति स्पष्ट तौर पर दिखती थी। लेकिन, एक बार यहां आग लग गई थी जिस वजह से यहां की मूर्ति का आकार मिट गया। लेकिन, लोगों की आस्था कम नहीं हुई है। यूपी के झांसी से भी श्रद्धालु यहां आते हैं। पन्ना के अजयगढ़ से आए श्रद्धालु बताते हैं कि हनुमानजी की यह आदिशक्ति मूर्ति है। यह मूर्ति अचानक अपने से इस विशाल चट्टान में प्रकट हुई है। इस मूर्ति को किसी ने बनाया नहीं है। यहां कोई पुजारी नहीं रह सकता है। हमने प्रसाद चढ़ाया है, तो अपने साथ पुजारी लेकर भी आए हैं।

# 'चिमटे' को अंग्रेज़ी में क्या कहते हैं?

**नई दिल्ली।** बहुत सी चीज़ें हम इस्तेमाल तो रोज़ाना करते हैं लेकिन हमें उनके बारे में सामान्य चीज़ें भी नहीं पता होती हैं। मसलन अगर आप अपने किचन में जाएंगे, तो बहुत से ऐसे बर्तन होंगे, जिनकी इंग्लिश न तो आपको पता होगी और न ही आपने कभी इसके बारे में सोचा होगा। अगर हम आपसे पूछें कि रोटी बनाते वक्त इस्तेमाल होने वाले चिमटे को क्या कहते हैं, तो आप शायद सिर खुजाने लगेंगे। काफी सोचने के बाद भी तुरंत इसका जवाब देना पॉसिबल नहीं है। तो चलिए हम आपकी इस काम में मदद कर देते हैं। चिमटे को अंग्रेज़ी में Tongs कहते हैं, जो रोटी या कोई दूसरी चीज़ को पलटने के काम आता है। इसके अलावा चौके में रोटी बेलने के लिए इस्तेमाल होने वाले चकले-बेलन को क्या कहा जाता है, इसके बारे में भी आपने कभी सोचा है? रोटी बेलने के बेस यानि चकले को Rolling Board कहते हैं, जबकि इसे बेलने वाले बेलन को Rolling Pin कहा जाता है। इसके अलावा जिस तवे पर हम रोटी सेंकते हैं, उसे Indian Frying Pan ही कहा जाता है। ऐसी ही एक खूब इस्तेमाल होने वाली चीज़ है - पलटा और चमचा। इसकी अंग्रेज़ी भी कम ही लोगों को पता होती है। इसे लैडल और स्किमर या टर्नर भी कहते हैं।






**हरिभूमि माह नवम्बर 2024 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| | कुल | 140.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक नवम्बर 2024 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

# बिना कुछ खाए सालों तक जिंदा रह सकता है ये अनोखा जीव

**न्यूयार्क।** प्रकृति ने इस दुनिया में कई अजीबोगरीब जीव बनाए हैं। इन जीवों को अपनी विशेष खासियत के लिए जाना जाता है। धरती पर कई ऐसे जीव हैं जो कई दिनों तक बिना पानी के भी रह सकते हैं, जबकि कुछ जीव ऐसे भी हैं जो बिना खाए भी जीवित रह सकते हैं। इसी कड़ी में हम आपको आज एक ऐसे ही दुर्लभ जीव के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बिना कुछ खाए भी कई साल तक जिंदा रह सकता है।

इस अजीबोगरीब का जीव का नाम सैलामैंडर है। यह जीव दक्षिण पूर्व यूरोप के देश बोस्निया और हर्जेगोविना में पानी के भीतर मौजूद गुफाओं में पाया जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस जीव की त्वचा और इनकी अविकसित आंखें इन्हें अंधा बनाती हैं। शायद इसकी वजह से ही यह अपनी जगह पर कई सालों तक रहते हैं। किसी जीव का अपने स्थान से न हिलना और एक ही स्थान पर रहना कोई असामान्य बात नहीं है। सैलामैंडर नामक का यह अपना पूरा जीवन पानी के अंदर बिताता है और इसकी उम्र 100 साल होती है। यह स्लोवेनिया से लेकर क्रोएशिया जैसे बाल्कन देशों में भी पाए जाते हैं। सैलामैंडर अपना स्थान करीब 12 साल के बाद तब ही बदलता है जब उसे साथी की जरूरत होती है। सैलामैंडर जिन गुफाओं में रहते हैं, वहां पर भोजन मिलना मुश्किल है। यह जीव बिना कुछ खाए भी कई सालों तक जिंदा रह सकता है। हालांकि सैलामैंडर जब भी सक्षम होते हैं तो छोटे कीड़े-मकोड़े, घोंघे और कीड़ों को खाकर रहते हैं।

# 24 घंटे में घूम गई धरती, पहले नहीं देखा होगा ये नज़ारा

**वॉशिंगटन।** हम धरती को मां कहते हैं और उसे बहुत सम्मान भी देते हैं।हालांकि, विज्ञान की नज़र में धरती एक ग्रह है, जहां जीने लायक परिस्थितियां मौजूद हैं।वैज्ञानिक तथ्य ये भी है कि धरती अपनी धुरी पर घूमती रहती है। इस बात का सबूत देता हुआ एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आप 24 घंटे में इसे अपनी धुरी पर घूमते हुए देख सकते हैं।































हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com